दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

सिर्फ सच...



गुरु तेग बहादुर बलिदान दिवस

गुरु साहिब के साहस, करुणा और धार्मिक स्वतंत्रता के संदेश हमें सदैव प्रेरित करते रहेंगे।





● नई दिल्ली। मंगलवार 25 नवम्बर-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 337 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3







# पंचतत्व में विलीन हुए ही-मैन धर्मेंद्र

## रहें न रहें हम...महका करेंगे.....सनी देओल ने दी मुखाग्नि




**मुंबई।** बॉलीवुड के 'ही-मैन' धर्मेंद्र अब हमारे बीच नहीं रहे। सोमवार, 24 नवंबर को वह इस दुनिया को विदा कह गए। 89 साल की उम्र में धर्मेंद्र ने अपने जुहू स्थित घर पर ही अंतिम सांस ली है। लंबे समय से उनकी तबीयत नाजुक थी। उन्होंने 12 नवंबर को ही ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल से परिवार के कहने पर डिस्चार्ज किया गया था। इसके बाद से घर पर ही उनका इलाज चल रहा था। धर्मेंद्र का अंतिम संस्कार विले पार्ले स्थित पवन हंस श्मशान भूमि में किया गया है। इस दौरान पूरा देओल परिवार और कई सिनेमाई दिग्गज नजर आए। हेमा मालिनी, ईशा देओल, सनी देओल, बॉबी देओल से लेकर अमिताभ बच्चन भी इस दौरान आंखों में आंसू समेटे मौजूद रहे। बताया जा रहा है कि धर्मेंद्र को मुखाग्नि उनके बड़े बेटे सनी देओल ने दी है। उनके निधन ने पूरे देश को शोक की लहर में डुबो दिया है।

धर्मेंद्र का जाना, हिंदी सिनेमा के एक युग के अंत जैसा है। यह दुखद और आंख नम कर देने वाला ही है कि सोमवार को ही उनकी अगली फिल्म 'इक्कीस' का मोशन पोस्टर रिलीज हुआ है। पिछले करीब एक महीने से धर्मेंद्र को सांस लेने सम्बंधी समस्या हो रही थी, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया था। वहां हालत नाजुक होने के बाद उन्हें क्ळव में भर्ती किया गया। हालांकि, तमाम कोशिशों के बाद भी धर्मेंद्र उम्र और बीमारी के आगे जिंदगी की जंग हार गए। उनके निधन से फिल्म इंडस्ट्री को एक गहरा धक्का लगा है।

**हेमा मालिनी और ईशा देओल पहुंचीं :** हेमा मालिनी, ईशा देओल और परिवार के तमाम सदस्यों के अलावा एक्टर के सभी करीबी और अपने पवनहंस श्मशान घाट पर नजर आ रहे हैं। अमिताभ बच्चन भी अपने जिगरी यार को आखिरी विदाई देने के लिए विले पार्ले पवनहंस पहुंचे। दुखद ये है कि एक्टर अपना 90वां जन्मदिन मनाने से ठीक 14 दिन पहले ही उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कह दिया। उनके फैन्स और अपनों को ये उम्मीद थी कि वो ठीक होंगे और अपना ये बर्थडे भी सेलिब्रेट करेंगे।


विस्तृत खबर, पृष्ठ 2


## स्मृति



गाजियाबाद, करंट क्राइम। कैप्शन : बॉलीवुड के महान कलाकार धर्मेन्द्र जी की खबर ने उनके चाहने वालों को स्तब्ध कर दिया। यशोदा मैडिसिटी हॉस्पिटल के निदेशक डॉ पीएन अरोड़ा का भी उनसे लगाव था। श्री अरोड़ा ने यादों के झरोखे से एक तस्वीर साझा की, जिसमें वो धर्मेन्द्र के साथ नजर आ रहे हैं। श्री अरोड़ा ने कहा कि धर्मेन्द्र जी जैसे महान कलाकार विरले ही आते हैं।

# लोनी रेलवे स्टेशन पहुंचे रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी

## दिल्ली-शामली-सहारनपुर लाइन दोहरीकरण को मंजूरी



### लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर के प्रस्तावों पर दोनों मंत्रियों का सकारात्मक रुख, बेहटा हाल्ट को स्टेशन बनाए जाने सहित कई मुद्दे उठे

**लोनी, करंट क्राइम।** सोमवार को लोनी रेलवे स्टेशन पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय स्किल मंत्री जयंत चौधरी का आगमन हुआ, जहां विद्यार्थियों और स्थानीय जनता ने उनका स्वागत किया। इस दौरान लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने लोनी क्षेत्र से जुड़े अहम रेलवे मुद्दों को दोनों मंत्रियों के सामने विस्तार से रखा। दोनों केंद्रीय मंत्रियों ने प्रस्तावों पर शीघ्र और प्राथमिकता आधारित कार्रवाई के निर्देश जारी किए।


विस्तृत खबर, पृष्ठ 6


# गाजियाबाद पॉक्सो कोर्ट का बड़ा फैसला

## रेप के आरोपी को 10 साल की कैद, 50 हजार जुर्माना

### ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत पुलिस की सख्त पैरवी का परिणाम

**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत रेप और पॉक्सो एक्ट में दर्ज एक मामले में बड़ी सफलता मिली है। विशेष पॉक्सो अदालत, कोर्ट नंबर-02 गाजियाबाद ने वर्ष 2014 में दर्ज बलात्कार के मामले में आरोपी हरिश्चंद्र को दोषी करार देते हुए 10 वर्ष का कठोर कारावास और 50,000 के अर्थदंड की सजा सुनाई है। यह आदेश सोमवार को विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) द्वारा पारित किया गया।

### घटना 2014 की — पीड़िता हुई थी गर्भवती

करंट क्राइम : यह मामला दिनांक 02 नवंबर 2014 का है, जब आरोपी हरिश्चंद्र ने नाबालिग पीड़िता के साथ बलात्कार किया था। घटना के बाद पीड़िता गर्भवती हो गई थी। पीड़िता के पिता ने थाना लोनी, कमिश्नरेट गाजियाबाद में मुकदमा दर्ज कराया था। मामले में आरोपी के विरुद्ध निम्न धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। जिसमें धारा 376 आईपीसी

**पॉक्सो एक्ट की धारा 4/6, इसमें कोर्ट ने माना— गुनाह गंभीर और क्षमा योग्य नहीं :** फैसला सुनाते हुए अदालत ने कहा कि यह अपराध न केवल पीड़िता बल्कि समाज और कानून व्यवस्था के लिए गंभीर है। ऐसे मामलों में कठोर सजा आवश्यक है ताकि भविष्य में ऐसे अपराधों पर रोक लग सके।



### पुलिस और अभियोजन ने पेश किए मजबूत साक्ष्य

करंट क्राइम : मामले की जांच तत्कालीन थाना प्रभारी लोनी और टीम ने की थी। न्यायालय में सरकार पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक (पॉक्सो) संदीप बख्शी ने



प्रभावी पैरवी की। पुलिस और अभियोजन द्वारा प्रस्तुत मजबूत साक्ष्य और गवाहों के आधार पर आरोपी को दोषी ठहराया गया। पुलिस आयुक्त गाजियाबाद जे रविंदर गौड के निर्देश पर चल रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत गंभीर अपराधों में त्वरित कार्रवाई और न्यायालय में प्रभावी पैरवी सुनिश्चित की जा रही है। यह फैसला उसी पहल की एक महत्वपूर्ण सफलता माना जा रहा है।

# भ्रष्टाचार पर अब सख्त होगी कार्रवाई, गाजियाबाद कमिश्नरेट में खोली गई एंटी करप्शन की ब्रांच

## अब भ्रष्टाचार की शिकायतों के लिए नहीं लगाने पड़ेंगे मेरठ के चक्कर

### - त्वरित कार्रवाई होगी प्राथमिकता : एडीजी के. सत्यनारायण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** प्रदेश सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत



भ्रष्टाचार पर नकेल कसने के लिए गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में एक नई शाखा चौकी स्थापित की गई है। अब जनपद में भ्रष्टाचार संबंधी शिकायतों के निस्तारण के लिए लोगों को मेरठ सिविल लाइन के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। सोमवार को पुलिस लाइन में स्थापित इस नई इकाई का उद्घाटन अपर पुलिस महानिदेशक भ्रष्टाचार निवारण संगठन उत्तर प्रदेश, लखनऊ के. सत्यनारायण द्वारा किया गया।





इस दौरान अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मुख्यालय/अपराध केशव कुमार चौधरी, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कानून-व्यवस्था/यातायात आलोक प्रियदर्शी, डीसीपी लाइन निमिष दशरथ पाटिल, सीओ भ्रष्टाचार निवारण संगठन मेरठ इकाई इरफान नासिर खान, एसीपी लाइन लिपि नगायच, आरआई धर्मेद्र सहित अन्य अधिकारी एवं पुलिस कर्मी मौजूद रहे।



### त्वरित कार्रवाई होगी प्राथमिकता

करंट क्राइम : कार्यक्रम के दौरान एडीजी के. सत्यनारायण ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा प्रदेश को भ्रष्टाचार मुक्त बनाना है। इसी दिशा में हर जिले में भ्रष्टाचार निवारण संगठन की इकाई खोली जा रही है, ताकि शिकायतों का संकलन और उनकी त्वरित जांच सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि इस चौकी शाखा के शुरू होने से जनता को राहत मिलेगी और भ्रष्टाचार के मामलों में अनुसंधान की प्रक्रिया अब तेज और पारदर्शी होगी।

### अब जनता सीधे करा सकेगी शिकायत दर्ज

करंट क्राइम : नई रिपोर्टिंग चौकी के माध्यम से आम नागरिक, शासकीय कर्मचारी एवं अन्य विभाग अब आसानी से भ्रष्टाचार से जुड़ी शिकायतें दर्ज करवा सकेंगे। इससे शिकायतों के संकलन, सत्यापन और आगे की कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया तेज होगी।

# भाजपा के टॉप-10 विधायकों में गाजियाबाद के एक विधायक का भी नाम!

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से समय-समय पर विभिन्न एजेंसियों द्वारा विधायकों की गतिविधियों, उनकी सक्रियता एवं जनता के बीच मौजूदगी और गैर मौजूदगी को लेकर समय-समय पर सर्वे कराये जाते हैं। ये सर्वे विभिन्न एजेंसियों द्वारा गोपनीय स्तर से कराये जाते हैं। इन्हीं की रिपोर्ट के आधार पर आगे किसको टिकट देना है या किसका विकेट गिराना है, इसकी भूमिका तैयार हो जाती है। सर्वे की रिपोर्ट के आधार पर भाजपा काफी चेहरों को क्लीन बोल्ड भी करते हुए देखी गई है। फिलहाल यहां बात क्लीन बोल्ड की नहीं, विधानसभा में मजबूत होल्ड की, की जा रही है।




विश्वसनीय सूत्रों से जानकारी मिली है कि पार्टी ने उत्तर प्रदेश में जनसहभागिता, विकास कार्यों में रूचि, उपलब्धता एवं व्यवहार के साथ-साथ कई विषयों पर विधायकों को लेकर एक रिपोर्ट तैयार कराई है। सूत्र बताते हैं कि ये रिपोर्ट उत्तर प्रदेश के तमाम भाजपा विधायकों को लेकर तैयार हुई है। इस रिपोर्ट के आधार पर निचले से ऊपर के क्रम पर जाते हुए विधायकों के नामों को शामिल किया गया है। जिस विधायक की जितनी अच्छी रिपोर्ट है, उसे उतना ही अच्छा एवं जिसकी रिपोर्ट अच्छी नहीं है उतना ही निम्न स्थान दिया गया है। सूत्र बताते हैं कि तैयार की गई इस लिस्ट में गाजियाबाद लोकसभा के अन्तर्गत आने वाली पांच विधानसभा में से एक विधायक का नाम भी शार्टलिस्ट हुआ है। ये विधायक पार्टी के ऊपर बताये गये मानकों पर काफी खरे उतरे हैं। इनको प्रदेश के टॉप-10 विधायकों की सूची में स्थान मिला है। टॉप-10 में भाजपा विधायक को कौन सा नंबर मिला है ये तो फिलहाल स्पष्ट नहीं है। मगर सूत्र बताते हैं कि वरियता के इस क्रम में आने वाले इन विधायक को इस बारे में जानकारी है। उनके समर्थक भी इस उपलब्धि से काफी उत्साहित हैं। मगर उन्हें निर्देश दिये गये हैं कि वह इस उपलब्धि पर अति उत्साह ना दिखायें एवं फेसबुक या अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर इसका जिक्र ना करें। सूत्र बताते हैं कि जिन विधायक को वरियता के इस क्रम में स्थान मिला है। उनका ट्रैक रिकार्ड काफी अच्छा है वह जनता के बीच में अच्छे खासे उपलब्ध रहते हैं। पार्टी के कार्यक्रमों से लेकर विकास कार्यों में उनकी रूचि रहती है। खास बात ये है कि ये विधायक पार्टी के सर्वे में अपनी मजबूत उपस्थिति फिर से दर्ज कराते नजर आ रहे हैं।

# 50 वर्षों से एक ही पते पर रहने वाले पूर्व पार्षद के परिवार का नाम मतदाता सूची से गायब, जाकिर सैफी ने की इस गड़बड़ी की जिलाधिकारी से शिकायत

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वर्तमान में चुनाव आयोग की ओर से मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) का संचालन पूरे देश में किया जा रहा है। वहीं गाजियाबाद में भी इस अभियान को लेकर प्रशासन से लेकर राजनीतिक दल भी एक्टिव नजर आ रहे हैं।

बीएलओ पर प्रशासन की सख्ती से फार्म तो भले ही अधिकतर घरों में बंट गये हैं लेकिन फार्म की जटिलताएं अभियान की रफ्तार को धीमा करने का काम कर रही है।

वर्ष 2003 के सत्यापन की प्रक्रिया ने खासतौर से मतदाताओं को



परेशान किया हुआ है। इसी कड़ी में नगर निगम के पूर्व पार्षद जाकिर अली सैफी ने अपनी शिकायत जिलाधिकारी से दर्ज कराई है। उनकी शिकायत काफी रोचक भी है।

उन्होंने दावा किया कि उनके परिवार के सदस्यों के नाम वर्ष 2000 और वर्ष 2025 की मतदाता सूचियों में हैं लेकिन वर्ष 2003 की सूची में से उनके परिवार का नाम गायब हो गया है। जिससे फार्म भरने में तकनीकी समस्याऐं आ रही हैं।

सैफी ने दावा किया कि ये समझ से परे है कि ऐसा क्यों हुआ है। जबकि जिस पते से उनका नाम 2003 की सूची में से हटाया गया है वहां पर वह विगत 50 वर्षों से निवास कर रहे हैं। यहां पर जाकिर अली सैफी ने विभिन्न दस्तावेज भी जिला प्रशासन को अपनी शिकायत के साथ सौंपे हैं। उन्होंने कहा है कि वर्ष 2003 की मतदाता सूची से सम्बन्धित विशिष्ट विवरण भाग संख्या और क्रम संख्या की जानकारी अपेक्षित है। इसलिए वह अनिवार्य जानकारी उपलब्ध कराने में असमर्थ हैं। जाकिर अली सैफी ने अपने शिकायती पत्र के साथ वर्ष 1995 के पहचान पत्र, 1995 का शस्त्र लाईसेंस, पत्नी के वर्ष 2005 में पार्षद होने का आईडी कार्ड और वर्ष 2004 की मतदाता सूची भी संलग्न की है। जिससे उनके परिवार की लंबी रिहायश और नागरिकता प्रमाणित होती है।

# अलविदा ही-मैन! नहीं रहे बॉलीवुड के दिग्गज एक्टर धर्मेंद्र

## '...न जाने कब कोई साथी छूट जाए...जीवन की डोर बड़ी कमजोर'




## 89 साल की उम्र में ली अंतिम सांस

**मुंबई।** बॉलीवुड के ही-मैन कहे जाने वाले दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र ने 89 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कह दिया है। धर्मेंद्र के निधन से देओल परिवार समेत पूरे सिनेमा जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। उम्र संबंधी बीमारियों के चलते धर्मेंद्र पिछले कुछ वक्त मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती रहे। इसके बाद घर पर उनका इलाज चल रहा था। लेकिन अब उनके निधन की खबर सामने आई है। प्रोड्यूसर करण जौहर ने सोशल मीडिया पोस्ट करके दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र के निधन की जानकारी दी।




### लंबे समय से बीमार थे धर्मेंद्र

8 दिसंबर 1935 को जन्मे धर्मेंद्र कुछ दिन पहले ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती थे। कई दिनों तक अस्पताल में इलाज चला। इसके बाद उनका इलाज घर पर ही किया जाने लगा। लेकिन वक्त के साथ तबीयत नहीं सुधरी और आज सोमवार यानी 24 नवंबर 2025 को धर्मेंद्र का निधन हो गया।

### धर्मेंद्र की आखिरी फिल्म होगी 'इक्कीस'

89 साल की उम्र में भी धर्मेंद्र एक्टिंग में सक्रिय थे। अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा की आगामी फिल्म 'इक्कीस' इस दिग्गज अभिनेता की आखिरी फिल्म होगी। फिल्म ह्यइक्कीसह्ल की कहानी एक यंग आर्मी ऑफिसर अरुण खेतरपाल की है। महज 21 साल की उम्र में देश के लिए इस सैन्य अधिकारी ने बलिदान दिया था। फिल्म में अभिनेता धर्मेंद्र ने आर्मी ऑफिसर के पिता का किरदार निभाया।

### करण जौहर ने निधन को लेकर की पोस्ट



धर्मेंद्र के निधन के बाद करण जौहर ने दिग्गज अभिनेता को श्रद्धांजलि दी। जिसमें वह लिखते हैं, ह्यएक युग का अंत हो गया ह्ल धर्मेंद्र के घर के बाहर भी कई बॉलीवुड सेलिब्रिटीज को देखा गया। इसमें अमिताभ बच्चन से लेकर देओल परिवार नजर आया।

### धर्मेंद्र के निधन पर पीएम मोदी ने जताया दुख, बोले- उनका जाना भारतीय सिनेमा के एक युग का अंत



देश ने आज बहुमूल्य सितारा खो दिया। बॉलीवुड के ही-मैन कहे जाने वाले धर्मेंद्र नहीं रहे। 89 साल की में उम्र में उनका निधन हो गया। मुंबई के विले पार्ले में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके निधन से पूरे देश में शोक की लहर है। क्या नेता क्या अभिनेताङ्गउनके निधन से सबको गहरा सदमा लगा है। सबने उनके निधन पर शोक जताया है। पीएम मोदी ने भी ट्वीट कर दुख जताया है। पीएम मोदी ने ट्वीट कर कहा, धर्मेंद्र का निधन भारतीय सिनेमा के एक युग का अंत है। धर्मेंद्र एक जबरदस्त अभिनेता थे। उन्होंने अपने अभिनय से लोगों के दिलों को छुआ। धर्मेंद्र अपनी सादगी, विनम्रता के लिए जाने जाते थे। इस दुख की घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार, मित्रों और असंख्य प्रशंसकों के साथ हैं। ॐ शांति।

### जिस किरदार को छुआ, वह जीवंत बन उठा- अमित शाह



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि अपने बहतरीन अभिनय से 6 दशकों तक हर देशवासी के दिल को छूने वाले धर्मेंद्र जी का निधन भारतीय सिनेमा जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। एक सामान्य परिवार से आकर उन्होंने फिल्म जगत में अपनी अमिट पहचान बनाई। धर्मेंद्र जी उन चुनिंदा अभिनेताओं में से एक रहे, जिन्होंने जिस किरदार को छुआ, वह जीवंत बन उठा और अपनी इसी कला के माध्यम से उन्होंने हर आयु-वर्ग के करोड़ों दर्शकों का दिल जीता। अपने अभिनय से वे सैदव हमारे बीच रहेंगे। ईश्वर पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और उनके परिजनों व प्रशंसकों को यह दु :ख सहने की शक्ति प्रदान करें। ॐ शांति शांति शांति।

### भारतीय कला जगत के लिए अपूरणीय क्षति- राहुल गांधी



लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने ट्वीट कर कहा कि महान अभिनेता धर्मेंद्र जी के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है और भारतीय कला जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। सिनेमा में लगभग सात दशकों के उनके अद्वितीय योगदान को हमेशा सम्मान और मोहब्बत के साथ याद रखा जाएगा। धर्मेंद्र जी को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। इस दुख की घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके शोकाकुल परिवार, मित्रों और प्रशंसकों के साथ हैं।

### फिल्म जगत ने आज एक बहुमूल्य सितारा खो दिया- खरगे



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने ट्वीट कर कहा कि भारतीय फिल्म जगत ने आज एक बहुमूल्य सितारा खो दिया। मशहूर अभिनेता धर्मेंद्र अब हमारे बीच नहीं रहे। 2012 में पद्मभूषण से सम्मानित, धर्मेंद्र ने दशकों तक सिनेमा प्रेमियों के दिलों पर राज किया और अपने अभूतपूर्व अभिनय व सादगीपूर्ण जीवन से एक गहरी छाप छोड़ी। उनका निधन एक युग का अंत है। दु :ख की इस घड़ी में मैं उनके परिवार और करोड़ों प्रशंसकों को गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे।

### सीएम योगी आदित्यनाथ ने दी श्रद्धांजलि




यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने धर्मेंद्र के निधन पर दुख जताया है। उन्होंने पर लिखा- लोकप्रिय फिल्म अभिनेता श्री धर्मेंद्र जी का निधन अत्यंत दुःखद एवं कला व फिल्म जगत की अपूरणीय क्षति है। उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि।

### धर्मेंद्र के निधन पर अजय देवगन भावुक



महान कलाकर का जाना दुखद, एक्ट्रर धर्मेंद्र के निधन पर अजय देवगन ने कहा अभिनेता अजय देवगन ने धर्मेंद्र के निधन पर कहा, ₹महान कलाकर का जाना दुखद है।₹ ही-मन के नाम से मशहूर धर्मेंद्र के जाने से बॉलीवुड और सिनेमा जगत में शोक की लहर है।






























# वार्ड-89 वैशाली में एसआईआर उत्सवः पार्षद राजकुमार भाटी ने 19 बूथों पर चलाया फॉर्म ड्राइव





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** महानगर व वसुंधरा मंडल के मार्गदर्शन में, वार्ड 89 वैशाली के भाजपा पार्षद राजकुमार भाटी ने सोमवार को पार्टी के कार्यकर्ताओ के साथ मिलकर एसआईआर उत्सव का आयोजन किया। 19 बूथों पर आयोजित इस कार्यक्रम में बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) के सहयोग से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के फॉर्म भरवाए और जमा कराए गए।

राजकुमार भाटी ने कहा, हमारा लक्ष्य है कि हर वह मतदाता जिसका नाम अभी तक सूची में नहीं आया, उसे एपिक नंबर के माध्यम से पहचान कर, वोटर हेल्पलाइन की मदद से जोड़ना। जिन मतदाताओं को बीएलओ के पास फॉर्म नहीं पहुँचा, उनके लिए विशेष सहायता स्टॉल लगाकर एपिक नंबर से पहचान कराने की व्यवस्था की गई। एसआईआर चुनाव आयोग द्वारा चलाया जाने वाला एक घर-घर सत्यापन अभियान है, जिसमें मतदाता सूची को साफ-सुथरा और अद्यतन बनाने के लिए फॉर्म भरवाए जाते हैं। यह प्रक्रिया 4 दिसंबर तक चल रही है और इसमें बीएलओ, एईआरओ तथा स्थानीय कार्यकर्ता मिलकर काम कर रहे हैं।

# संभल बवाल की बरसीः किले में तब्दील शहर

## हाई अलर्ट पर पुलिस, मस्जिद के आसपास ड्रोन से निगरानी

**संभल।** संभल में जामा मस्जिद सर्वे के दौरान हुए बवाल को एक वर्ष पूरा हो गया है। इस एक वर्ष के पूरा होने पर कोई जश्न या शोक सार्वजनिक न मनाए इसको लेकर पुलिस पूरी तरह सतर्क है। सोशल मीडिया पर भी निगरानी की जा रही है। शहर में पुलिस के साथ पीएसी और आरआरएफ को तैनात किया गया है। रविवार को दिनभर पुलिस की निगरानी बनी रही। जामा मस्जिद के आसपास ड्रोन कैमरों से निगरानी की गई।

एएसपी कुलदीप सिंह सत्यव्रत पुलिस चौकी में बने सीसीटीवी कैमरों के कंट्रोल रूम का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे। जिससे क्रियाशील कैमरों की स्थिति की जानकारी रहे। एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि सोशल मीडिया पर टीम निगरानी कर रही है। किसी ने शोक या जश्न को लेकर आपत्तिजनक पोस्ट की तो कार्रवाई की जाएगी।




24 नवंबर की सुबह करीब 7 बजे जामा मस्जिद सर्वे करने के लिए कोर्ट कमिश्नर रमेश सिंह राघव पहुंचे थे। करीब नौ बजे भीड़ उग्र हो गई थी। देखते ही देखते पथराव और आगजनी की गई। इसी दौरान फायरिंग की गई। इसमें पांच लोगों की जान चली गई थी। पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों ने जामा मस्जिद के नजदीक बवाल पर काबू पाया तो हिंदूपुरा खेड़ा में भीड़ ने हमला कर दिया था।

बाइकों को फूंक दिया था। इसमें एसपी और पीआरओ भी घायल हो गए थे। करीब चार घंटे तक शहर में बवाल किया गया था। दोपहर को करीब एक बजे बवाल शांत हुआ था। बवाल के बाद लगातार गिरफ्तारी की गई। इसमें 133 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। वर्तमान में 108 आरोपी जमानत पर हैं। 25 आरोपियों की जमानत नहीं हुई है। एनएसए के तहत मुल्ला अफरोज के खिलाफ कार्रवाई की जा चुकी है। यह हत्या के मामले में आरोपी है।

**बवाल के बाद सीसीटीवी कैमरों से बढ़ी निगरानी :** पालिका द्वारा 2.32 करोड़ रुपये खर्च कर 224 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इसके लिए 60 स्थान चिन्हित किए गए हैं। पालिका क्षेत्र में 37 वार्ड हैं। इसमें 13 वार्ड हयातनगर और सरायतरीन इलाके में है। हयातनगर और सरायतरीन इलाके के चौराहे पर कैमरे लगाए जा चुके हैं।

# कैब ड्राइवर पर दिनदहाड़े चाकू से हमला, हालत गंभीर

## कार सवार पर हमले का शक



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नंदग्राम थानाक्षेत्र में सोमवार को एक कैब ड्राइवर पर सवार ने अचानक चाकू से हमला कर दिया। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। घायल ड्राइवर को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घटना उस समय हुई जब दिल्ली के सीलमपुर निवासी सुरेंद्र (32) अपनी कैब में एक सवारी को पानीपत ले गया था। लौटते समय जैसे ही वह राजनगर एक्सटेंशन क्षेत्र में पहुंचा, तभी पीछे बैठी सवारी ने अचानक चाकू निकालकर सुरेंद्र पर हमला कर दिया। आरोपी ने सुरेंद्र पर लगभग पांच वार किए, जिससे वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा। हमले के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घायल को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उसका इलाज चल रहा है। पुलिस के अनुसार सुरेंद्र की हालत अभी स्थिर नहीं है और वह बयान देने की स्थिति में नहीं है।

### हमला किराए के विवाद में होने की आशंका

**करंट क्राइम।** पुलिस की प्रारंभिक जांच में यह अनुमान लगाया जा रहा है कि हमला कैब किराए को लेकर हुए विवाद का नतीजा हो सकता है। हालांकि अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सुरेंद्र के होश में आने के बाद ही हमले की वास्तविक वजह सामने आएगी।

वारदात की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है। आरोपी की तलाश के लिए पुलिस ने विशेष टीम का गठन किया है। पुलिस का दावा है कि आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# 'दशकों से आरोप लगने के बावजूद मुझ पर कोई कर्ज नहीं', अजित पवार

**छत्रपति संभाजीनगर।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने अपने विवादित 'वोट दो, फंड मिलेगा' वाले बयान पर सफाई देते हुए कहा कि उन पर भले ही 35 वर्षों से तरह-तरह के आरोप लगते रहे हों, लेकिन उनका 'किसी पर कोई कर्ज नहीं है' और वे कानून तथा आचार संहिता का सम्मान करते हैं। सोमवार को परभणी जिले के जिंतूर में 2 दिसंबर को होने वाले नगर परिषद चुनाव के लिए आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए अजित पवार ने कहा कि मीडिया उनके हर शब्द पर नजर रखता है और किसी भी मुद्दे को तुरंत उनसे जोड़ दिया जाता है। उन्होंने माना कि काम के दौरान गलतियां हो सकती हैं, लेकिन उनकी नीयत हमेशा विकास की रही है।



पिछले हफ्ते पुणे जिले की मालेगांव नगर पंचायत के चुनाव प्रचार के दौरान अजित पवार ने कहा था कि अगर जनता उनके उम्मीदवारों को चुनेगी तो फंड की कमी नहीं होगी, लेकिन अगर उन्हें नकार दिया गया, तो वे भी नकार देंगे। इस बयान पर विपक्ष ने उन्हें घेरते हुए माफी की मांग की थी।

सोमवार को स्पष्टीकरण देते हुए उन्होंने कहा, 'मीडिया मेरे फंड से जुड़े हर शब्द की निगरानी कर रहा है। कोई भी बात होती है तो तुरंत उन्हें अजित पवार याद आते हैं।

# इंदिरापुरम में विशेष गहन पुनरीक्षण

## मंडल अध्यक्ष मंजुला गुप्ता ने बूथों का दौरा कर बीएलओ का किया सहयोग





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के निदेर्शानुसार, इंदिरापुरम मंडल अध्यक्ष मंजुला गुप्ता ने कार्यकर्ताओं के साथ विभिन्न मतदान केंद्रों और बूथों का दौरा कर विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने हेतु बीएलओ तथा एईआरओ टीम की सहायता की।

मंडल अध्यक्ष मंजुला गुप्ता के नेतृत्व में मंडल प्रवासी नवनीत मित्तल, महामंत्री देवाशीष दत्ता, प्रशांत राघव, अजय गुप्ता, उपाध्यक्ष जयश्री सिन्हा, कविता शर्मा, अंकुर त्यागी, नवीन शर्मा, आकाश वर्मा, मंत्री गायत्री पांडे, स्वाति चौहान, नीता राय, नेहा जैन, शिवम त्यागी, सी. इस यादव, निशीथ पाठक, अनीता शर्मा, मीना शर्मा तथा सभी बूथ अध्यक्ष और बीएलए-2 ने दिन भर कड़ी मेहनत कर इस कार्य को सफल बनाया। कार्यकताओं ने बूथों पर जाकर मतदाता सूची के सत्यापन, फॉर्म संग्रह एवं अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं में बीएलओ को सहयोग प्रदान किया।

इस सहयोग से पुनरीक्षण प्रक्रिया में गति आई और स्थानीय निवासियों को आवश्यक सहायता मिली। इंदिरापुरम मंडल के इस प्रयास को स्थानीय प्रशासन ने सराहा और भविष्य में भी इसी प्रकार के सहयोग की अपेक्षा की गई है।

दैनिक करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...






# गाजियाबाद की हवा में जहर बरकरार बीते दस दिनों से एक्यूआई 400 पार

## बारिश के बिना नहीं मिलेगी राहत, एक्यूआई लगातार पहुंच रहा खतरनाक स्तर पर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दिल्ली-एनसीआर के साथ गाजियाबाद की हवा लगातार जहरीली होती जा रही है। बीते दस दिनों में गाजियाबाद का एयर क्वालिटि इंडैक्स 400 पार हीरहा है। तो वहीं सोमवार को भी प्रदूषण स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। सुबह से ही शहर पर धुंध और स्मॉग की मोटी परत छाई रही। एयर क्वालिटी इंडेक्स सुबह 390 दर्ज किया गया जो शाम तक बढ़कर 400 के बेहद गंभीर स्तर तक पहुंच गया। प्रदूषण बढ़ने की वजह से शहरवासियों को आंखों में जलन, सांस लेने में तकलीफ, सिरदर्द और गले में खराश जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ा। स्वास्थ्य विभाग के विशेषज्ञों का कहना है कि मौजूदा स्थिति में वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर पर बना हुआ है और जब तक मौसम में बदलाव नहीं होगा या बारिश नहीं पड़ेगी, तब तक स्मॉग और जहरीली गैसों की यह परत हवा से खत्म नहीं होगी। मौसम विभाग की ओर से भी साफ संकेत हैं कि अभी सुधार की संभावना बेहद कम है।



### बीते 24 दिनों का एयर क्वालिटी इंडेक्स

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 नवंबर | 298 | | | 16 नवंबर | 419 |
| 2 नवंबर | 351 | | | 17 नवंबर | 401 |
| 3 नवंबर | 340 | | | 18 नवंबर | 434 |
| 4 नवंबर | 325 | 10 नवंबर | 312 | 19 नवंबर | 422 |
| 5 नवंबर | 207 | 11 नवंबर | 390 | 20 नवंबर | 430 |
| 6 नवंबर | 266 | 12 नवंबर | 362 | 21 नवंबर | 422 |
| 7 नवंबर | 314 | 13 नवंबर | 370 | 22 नवंबर | 434 |
| 8 नवंबर | 339 | 14 नवंबर | 370 | 23 नवंबर | 437 |
| 9 नवंबर | 345 | 15 नवंबर | 392 | 24 नवंबर | 400 |

### स्कूलों में बदलाव, छोटे छात्रों की कक्षाएं ऑनलाइन

करंट क्राइम : बढ़ते हुए वायु प्रदूषण को देखते हुए गाजियाबाद और दिल्ली-एनसीआर के कई स्कूलों में नर्सरी से कक्षा 5 तक की कक्षाएं ऑनलाइन मोड में चलाई जा रही हैं। शिक्षा विभाग और अभिभावक संगठनों ने सरकार से बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए स्थिति सामान्य होने तक स्कूलों को पूरी तरह बंद करने की मांग भी की है।

### नगर निगम का प्रयास जारी, फिर भी नहीं मिल रही राहत

करंट क्राइम : गाजियाबाद नगर निगम प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए लगातार पानी का छिड़काव कर रहा है और उन इकाइयों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है जो धुआं या धूल फैलाने का काम कर रही हैं। लेकिन सुधार फिर भी होता हुआ नजर नहीं आ रहा है।

# 'धर्मेंद्र पा जी की वे यादें जो आज भी दिल में जिंदा हैं'

## गाज़ियाबाद के वरिष्ठ कांग्रेस नेता नरेंद्र राठी ने मुलाकात की यादों को किया ताजा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाज़ियाबाद के वरिष्ठ कांग्रेस नेता नरेंद्र राठी ने अभिनेता धर्मेंद्र पा जी को याद करते हुए अपनी वह पुरानी मुलाकात साझा की हैं, जो आज भी उनके दिल में उजली स्मृतियों की तरह बसती है। नरेंद्र राठी बताते हैं कि लगभग 20 वर्ष पहले तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित जाट सम्मेलन में उनकी पहली मुलाकात धर्मेंद्र पा जी से हुई थी।

तब से लेकर पाँच वर्ष पहले मुंबई में हुई पुनः मुलाकात तक—हर बार धर्मेंद्र जी की सरलता और अपनापन अविस्मरणीय रहा।

मुंबई स्थित उनके निवास पर हुई मुलाकात को याद करते हुए राठी लिखते हैं– वो हमसे बड़ी गर्मजोशी से मिले थे, मानो बरसों का अपनापन हो। राठी मुस्कराते हुए बताते हैं कि उन्होंने धर्मेंद्र जी से मजाक में कहा–पा जी, मुझे भाभी जी से भी मिलवा दो। धर्मेंद्र जी ने हँसते हुए पूछा–भाई, कौन-सी भाभी से मिलना है?

जब राठी ने कहा कि वे हेमामालिनी जी से मिलना चाहते हैं, तो धर्मेंद्र जी ने ठहाके के साथ जवाब दिया–भाई, मुझे ही बहुत दिन हो गए उनसे मिले हुए, उनसे तो...। और दोनों की हँसी ने माहौल में एक खास आत्मीयता भर दी।

राठी आगे लिखते हैं कि जब उन्होंने कहा–तो फिर हमारी पहली भाभी से मिला दो। तो धर्मेंद्र जी मुस्कराए और बोले–उसके लिए आपको खंडाला फार्म हाउस जाना पड़ेगा।

नरेंद्र राठी बताते हैं–उन्होंने हमारे साथ भोजन किया, अपना पूरा बंगला दिखाया और विदा होते समय गले लगाकर 'जीते रहो' कहा। उनका वह स्नेह मैं कभी नहीं भूल सकता।

अंत में राठी कहते हैं–धर्मेंद्र पा जी की यादें आज भी वैसी ही ताजा हैं, जैसे वह मुलाकात अभी-अभी हुई हो।

# निगम की कूड़ा गाड़ियों से गूंजेगी वोट बनवाने की आवाज 585 से अधिक गाड़ियां करेंगी जनता को जागरूक



**नगर निगम के अनुसार, प्रतिदिन सुबह इलाकों में कूड़ा कलेक्शन वाहन अभियान से संबंधित ऑडियो संदेश प्रसारित करेंगे।**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को सफल बनाने के लिए गाजियाबाद नगर निगम ने एक अनोखी पहल की है। अब शहर की डोर-टू-डोर कूड़ा उठाने वाली गाड़ियां मतदाता जागरूकता का माध्यम बनेंगी। नगर निगम के अनुसार, प्रतिदिन सुबह शहर के 585 से अधिक इलाकों में कूड़ा कलेक्शन वाहन अभियान से संबंधित ऑडियो संदेश प्रसारित करेंगे। इन संदेशों के माध्यम से नागरिकों को अपने वोट की महत्ता, नए मतदाता नामांकन, संशोधन और सत्यापन प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी जाएगी।

### बीएलओ के साथ निगम की संयुक्त पहल

करंट क्राइम : बीएलओ टीमों के द्वारा घर-घर जाकर मतदाता सूची सत्यापन का काम पहले से चल रहा है, लेकिन नगर निगम का यह निर्णय अभियान को और गति देने वाला माना जा रहा है। कूड़ा वाहनों पर लगे हुए लाउडस्पीकर, पोस्टर और सूचना स्टिकर्स आमजन को यह संदेश दे रहे हैं कि–




- आपका वोट आपका अधिकार है, इसे बनवाना आपकी जिम्मेदारी है।
- यदि आपका नाम वोटर लिस्ट में नहीं है तो तुरंत संपर्क करें।

### शहर में दिख रहा असर

करंट क्राइम : सुबह-सुबह गली-मोहल्लों में गूंजती जागरूकता आवाजें लोगों का ध्यान आकर्षित कर रही हैं। कई स्थानों पर नागरिक इन संदेशों को सुनकर स्वयं इछड से संपर्क कर रहे हैं और मतदाता सूची में सुधार कार्य तेज होता दिखाई दे रहा है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा निर्वाचन आयोग के इस महत्वपूर्ण अभियान में सहयोग करना हर नागरिक का कर्तव्य है। मतदाता सूची अद्यतन होने से चुनाव प्रक्रिया और लोकतंत्र दोनों मजबूत होंगे। इस अभियान के माध्यम से जिला प्रशासन और नगर निगम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि आगामी चुनावों से पहले गाजियाबाद में मतदाता सूची त्रुटि रहित और पूरी तरह अद्यतन हो।

# मेरे बेटे पर लगे आरोप निराधार : कालू यादव



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा नेता कालू यादव के पुत्र अश्विनी यादव पर शनिवार को थाना खोड़ा में मुकदमा दर्ज हुआ था। आरोप था की अश्वनी यादव ने अपनी कार से एक अन्य भाजपा नेता देवेंद्र गिरी को कुचलने का प्रयास किया। इस मामले में रविवार को अश्विनी यादव के पिता कालू यादव ने अपने पार्टी कार्यालय में प्रेस वार्ता का आयोजन कर अपनी सफाई रखी। कालू यादव ने घटना की सीसीटीवीं फुटेज भी सोशल मीडिया पर साझा की। प्रेस वार्ता में कालू यादव ने कहा कि उनका बेटा पूरी तरह से निर्दोष है और उसने किसी पर भी गाड़ी चढ़ाने का प्रयास नहीं किया। उन्होंने कहा की शुक्रवार शाम को उनके पुत्र अश्वनी यादव यादव अपनी माता के साथ बाजार से खरीदारी कर वापस घर लौट रहे थे। उनके कार्यालय के सामने देवेंद्र गिरी सड़क पर अपनी गाड़ी के पास खड़े थे।

अश्विनी यादव ने देवेंद्र गिरी को बचाते हुए अपनी गाड़ी निकाली और गाड़ी बगैर देवेंद्र गिरी को छुए आराम से निकल गई। उन्होंने बताया की सीसीटीवी फुटेज में भी साफ देखा जा सकता है की उनके पुत्र ने किसी को कुचलने का प्रयास नहीं किया लेकिन देवेंद्र गिरी ने इस मामले को अलग तूल देने का प्रयास किया।उन्होंने बेबुनियाद आरोप लगाकर उनके पुत्र अश्वनी यादव पर मुकदमा दर्ज करवा दिया।उन्होंने बताया कि षड्यंत्र के तहत उनके बेटे को फसाया जा रहा है लेकिन उन्हें प्रशासन पर पूरा भरोसा है। पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और सीसीटीवी फुटेज को भी जांच के दायरे में शामिल किया गया है। आगे की कार्रवाई जांच के परिणामों पर निर्भर करेगी।

# गाजियाबाद सपा में महिला चेहरा बड़े चुनाव के लिए कब होगा तैयार

## तमाम महिला फेस प्रदेश कार्यकारिणी की टीम में मगर चुनावी रेस से रहती हैं बाहर



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** समाजवादी पार्टी जहां वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में पांचो विधानसभा सीट की जीत का दावा कर रही है, तो अगर कोई विधानसभा सीट महिला चेहरे के नाम हो जाती है तो समाजवादी पार्टी की उलझनें बढ़ सकती हैं। दरअसल समाजवादी पार्टी में तमाम प्रदेश स्तर की महिला पदाधिकारी होने के बावजूद भी चुनावी रेस में महिला नेता नजर नहीं आती हैं। प्रमुख नेताओं की पत्नी ही चुनाव मैदान में उतारी जाती हैं। उधर गाजियाबाद में राज देवी चौधरी, जोकि प्रदेश में सदस्य रहने के साथ ही राज्य महिला आयोग की सदस्य रह चुकी हैं। तो वहीं मधु चौधरी, पुष्पा शर्मा, किरण कालिया, ऋतु खन्ना ऐसी सपा नेत्री हैं, जो कई दशकों से पार्टी के लिए समर्पित हैं और कार्यकर्ताओं व पार्टी के पदाधिकारियों के बीच रहती हैं। बावजूद इसके वह कब किस विधानसभा सीट से पार्टी का फेस बनेगी, इस बात पर उनके नाम रेस में आगे नहीं आ पाते हैं, जबकि सपा के जो विपक्षी दल हैं, वह कई बार और कई महिला चेहरे चुनाव में उतर चुके हैं।

### मेयर सीट पर सपा नेता अभिषेक गर्ग की पत्नी रह चुकी हैं दावेदार

करंट क्राइम : सपा नेता अभिषेक गर्ग की पत्नी राशि गर्ग समाजवादी पार्टी के टिकट पर मेयर वाला चुनाव लड़ चुकी हैं। हालांकि उनको इस चुनाव में सफलता नहीं मिली थी और वह पति की वजह से ही मैदान में उतारी गई थी। बता दें कि सपा में अगर वर्षभर राजनीति में एक्टिव महिलाओं की बात की जाए तो राज देवी चौधरी, मधु चौधरी, पुष्पा शर्मा, किरण कालिया, ऋतु खन्ना कुछ चुनिंदा महिला ही हैं, जो समाजवादी पार्टी के आंदोलन से लेकर कार्यक्रमों और चुनाव से लेकर बड़े आयोजनों में प्रमुखता के साथ मौजूद रहती हैं।

### जीतनी है पांचों सीट तो, बढ़ानी होगी फीमेल रीच

करंट क्राइम : समाजवादी पार्टी में महिला नेताओं की कमी नहीं है, मगर कुछ ही महिला नेता एक्टिव मोड में रहती हैं, जो पार्टी के सभी आयोजनों और कार्यक्रमों में नजर आती हैं। इसके अलग-अलग भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस की बात की जाए तो इसमें कई महिला फेस मैदान में चुनाव लड़ने के लिए भी जोर लगाती रहती हैं। वह प्रमुखता से नाम पेश करती हैं, तो चुनाव जीतने के दम भी दिखाती हैं। उधर अगर समाजवादी पार्टी को आगामी विधानसभा चुनाव में इस बार कुछ बड़ा उलट फेर करना है, तो गाजियाबाद विधानसभा की सभी पांचों सीटों पर महिला फेस भी अभी से तलाशने होंगे, जो चुनाव में समाजवादी पार्टी की रेस को बढ़ा सके और पार्टी का बेस भी बढ़ा सके। कुल मिलाकर सपा को अन्य दलों की तरह महिलाओं के लिए स्पेस बनाना ही होगा।

# क्या मदन भैया के पारिवारिक कार्यक्रम से चला गया लोनी रिटर्न का पैगाम हर किसी की जुबान पर थी चर्चा बहुत ही शानदार रहा प्रोग्राम














**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सियासत में हर कार्य के पीछे कोई ना कोई संदेश लोग तालशते है। हर कदम आने वाली तैयारियों का एहसास कराता है। नेता के हाव भाव, आयोजन का तरीका, उसमें लोगों की संख्या, आयोजन की भव्यता से ये एहसास होता है कि अगली रणनीति क्या है। सियासत के दिग्गज चेहरे कभी भी बोल कर नहीं बल्कि अपने इन्हीं अंदाज से ये संदेश देते हैं। जिसे राजनीति की समझ रखने वाले बखूबी समझ भी जाते हैं। कुछ ऐसे ही संदेश सोमवार को विधायक मदन भैया के गांव जावली से निकलते हुए दिखाई दिये। उनकी सुपुत्री की शादी को लेकर सजाया गया भव्य पंडाल, आने वाले मेहमानों का जिस अंदाज से विधायक मदन भैया ने वेलकम किया, वो अंदाज व कार्यक्रम की भव्यता कुछ ऐसे ही संदेश दे रही थी। जिस ओर कान लगाया वहां से यही चर्चा निकल कर सामने आ रही थी कि हारी बाजी को जीतने वाले विधायक मदन भैया फिर से अपनी इस धरा पर फिर से मजबूत दस्तक देने की योजना पर काम शुरू कर चुके हैं। वह फिलहाल खतौली से विधायक हों, लेकिन उनके पारिवारिक कार्यक्रमों में लोनी निवासियों की आई भारी भीड़ ने इस बात के भी संकेत दिये कि आने वाले समय में लोनी की राजनीति में अब काफी उथल पुथल देखने को मिलने वाली है। हालांकि मदन भैया ने अपनी भावी रणनीति को फिलहाल स्पष्ट नहीं किया है। लेकिन वैवाहिक आयोजन में उनके समर्थकों के मुख से निकलने वाली बातें इस ओर इशारा कर रही थी। कार्यक्रम में कई तरह के संदेश भी गये। जो भविष्य की गुणाभाग को और मजबूती दे रहे थे। भाजपा के मंत्री, विधायक एवं तमाम बड़े चेहरों से लेकर संघ के बड़े चेहरों का यहां पर नजर आना भविष्य के कई पैगाम दे रहा था। कार्यक्रम में राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी की विशेष मौजूदगी, किसान नेता राकेश टिकैत का काफी देर रूकना, मौके पर समाजवादी पार्टी के कई दिग्गज चेहरों का नजर आना भी काफी ऑप्शन की और इशारा कर रहा था। संदेश स्पष्ट जा रहे थे कि मदन भैया ने बिना कहे ही लोनी की सियासत के कई बड़े चेहरों को बड़ा संदेश इस कार्यक्रम के माध्यम से दे दिया है। खास बात ये रही कि कार्यक्रम स्थल पर लोग सुबह 11 बजे आने शुरू हुए। जिनका आगमन लगातार फिर रात तक होता रहा। मदन भैया ने पुत्री के विवाह को समय सीमा में ना बांधकर हर किसी को दिल से और आराम से आने का मौका दिया। एक सुव्यवस्थित और भव्य कार्यक्रम उनकी आने वाली रणनीति के संकेत स्पष्ट दे गया। आयोजन की गर्मजोशी की झलक उनके प्रिय एवं अनुज भाई तुल्य कर्मवीर नागर के चेहरे पर साफ झलक रही थी। समाज से लेकर सभी वर्ग के लोग इस आयोजन के साक्षी बने।

## संपादकीय

# तेजस हादसा सुरक्षा प्रश्न

भारत रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। वैश्विक स्तर पर युद्ध के जो नए आयाम उभर कर सामने आ रहे हैं, उस लिहाज से रक्षा साजो-सामान का अपने देश में निर्माण और उनका उन्नयन बेहद जरूरी हो गया है। स्वदेशी एवं बहुउद्देशीय लड़ाकू विमान तेजस का निर्माण भारत की इसी सोच और इच्छाशक्ति का परिणाम है। इसे देश की रक्षा तकनीक की ताकत का प्रतीक भी माना जाता है। मगर भारतीय वायुसेना में शामिल इस विमान का दुबई में आयोजित एक प्रदर्शन के दौरान शुक्रवार को हादसे का शिकार हो जाने की घटना ने रक्षा क्षेत्र में देश की आत्मनिर्भरता की राह में चिंता की लकीरें खींच दी हैं। इस हादसे को इसलिए भी चिंताजनक दृष्टि से देखा जा रहा है, क्योंकि दो वर्ष के इतिहास में यह दूसरी बार है जब तेजस दुर्घटनाग्रस्त हुआ है। इससे पहले मार्च 2024 में राजस्थान के जैसलमेर में भारतीय सेनाओं के एक त्रि-सेवा अभ्यास के दौरान यह लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। तब शुरूआती जांच में विमान के इंजन में तकनीकी खराबी की ओर इशारा किया गया था। क्योंकि सास भी कभी बहू थी फेम अश्लेषा सावंत और संदीप बसवाना ने वृंदावन के मंदिर में लिए सात फेरे, 23 साल साथ रहने के बाद की शादी जहां तक रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की बात है तो भारत पिछले कुछ वर्षों से स्वदेशी रक्षा उत्पादन के मामले में एक नए केंद्र के रूप में उभर रहा है। देश में आत्मनिर्भरता एक मार्गदर्शक सिद्धांत रहा है, जिसने स्थानीय डिजाइन, विकास और विनिर्माण को प्राथमिकता देने वाली नीतियों को प्रेरित किया है। सरकारी सुधारों, रणनीतिक निवेश और औद्योगिक साझेदारियों ने नवाचार को बढ़ावा देकर घरेलू रक्षा क्षमताओं को मजबूत किया है। भारत ने स्वदेशी रक्षा प्रणाली आकाशतीर, ब्रह्मोस मिसाइल और लड़ाकू विमान तेजस जैसे रक्षा उपकरणों को तैयार कर दुनिया को अपनी तकनीक एवं उसकी शक्ति का परिचय दिया है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान देश की इस आधुनिक रक्षा प्रणाली ने अपनी क्षमता को बखूबी दर्ज किया है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, भारत का रक्षा निर्यात वर्ष 2013-14 में 686 करोड़ रुपए से बढ़कर 2024-25 में 23,622 करोड़ रुपए हो गया है। यह तस्वीर आत्मनिर्भर और विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी रक्षा उद्योग के लिए देश के निरंतर एवं गहन प्रयासों को रेखांकित करती है। करीब दो दशक के विकास और परीक्षण के बाद लड़ाकू विमान तेजस को बेहद सुरक्षित माना जाता रहा है। इसका निर्माण वर्ष 2007 में शुरू हुआ था और जुलाई 2016 में भारतीय वायुसेना ने तेजस का पहला बेड़ा बनाया। हल्के किस्म के इस विमान का निर्माण हिंदुस्तान एयरोनाटिक्स लिमिटेड ने किया है। इसका ढांचा कार्बन फाइबर से बना हुआ है, जो इसे धातु की तुलना में बहुत हल्का और मजबूत बनाता है। इसके भीतर सेंसर तरंग रडार लगा है, जो दुश्मन के विमान से लेकर जमीन से हवा में दागी गई मिसाइल का भी पता लगा सकता है।

# भारतीय शेयर बाजार गिरावट पर बंद सेंसेक्स 331 अंक और निफ्टी 108 अंक टूटा



**नई दिल्ली।** भारतीय बाजार सोमवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 331.21 अंक गिरकर 85,900.71 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 108.65 अंक गिरकर 25,959.50 अंक पर आ गया।

निवेशकों की सतर्कता के कारण अंतिम क्षणों में की गई बिकवाली और किसी बड़े उत्प्रेरक के अभाव के कारण सोमवार को बेंचमार्क शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट दर्ज की गई। शुरूआती बढ़त गंवाकर 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 331.21 अंक या 0.39 प्रतिशत की गिरावट के साथ 84,900.71 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 521.81 अंक या 0.61 प्रतिशत गिरकर 84,710.11 अंक पर आ गया। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 108.65 अंक या 0.42 प्रतिशत गिरकर 25,959.50 अंक पर आ गया।

वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के बीच बैंकों और आयातकों द्वारा अमेरिकी डॉलर की बिकवाली से सोमवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 46 पैसे की तेजी के साथ 89.20 (अनंतिम) पर बंद हुआ। इसके बावजूद, आईटी शेयरों में चुनिंदा खरीदारी से कुछ समर्थन मिला।

अच्छी बात यह है कि वैश्विक बाजार आशावादी बने हुए हैं, जो दिसंबर में फेड द्वारा ब्याज दरों में कटौती की नई उम्मीदों से प्रेरित है, जो अमेरिकी रोजगार आंकड़ों में गिरावट के जोखिम से प्रेरित है। ब्रेंट क्रूड का भाव गिरकर 61.95 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंचा वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 0.98 प्रतिशत गिरकर 61.95 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 1,766.05 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 3,161.61 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। शुक्रवार को सेंसेक्स 400.76 अंक या 0.47 प्रतिशत गिरकर 85,231.92 पर बंद हुआ। निफ्टी 124 अंक या 0.47 प्रतिशत गिरकर 26,068.15 पर बंद हुआ।

### सेंसेक्स की कंपनियों का हाल

सेंसेक्स की कंपनियों में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा स्टील, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फिनसर्व और टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स प्रमुख रूप से पिछड़े रहे। वहीं, टेक महिंद्रा, एशियन पेंट्स, इंफोसिस, अदानी पोर्ट्स, सन फार्मा और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में लाभ रहा।

### यूरोपीय बाजारों में दिखी बढ़त

एशियाई बाजारों में, शंघाई का एसएसई कंपोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंगसेंग सूचकांक सकारात्मक दायरे में बंद हुए, जबकि दक्षिण कोरिया का कोस्पी गिरावट के साथ बंद हुआ। जापान में शेयर बाजार छुट्टी के कारण बंद रहे। यूरोप के बाजार हरे निशान में कारोबार कर रहे थे। शुक्रवार को अमेरिकी बाजार बढ़त के साथ बंद हुए।

### भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता में हुई देरी ने डाला असर

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि एक सीमित दायरे में सकारात्मक कारोबार के बाद, बाजार सोमवार की समाप्ति के कारण अंतिम आधे घंटे में गिरावट के साथ बंद हुआ, क्योंकि निफ्टी-50 सूचकांक 26,000 की प्रमुख सीमा से ऊपर नहीं टिक सके। अंतरिम अमेरिका-भारत व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने में देरी जैसी प्रमुख घटनाओं के जोखिम की आशंका में निवेशकों का रुझान सतर्क रहा।

# मृत्युभोज: दिखावे में बदलती परंपरा और समाज पर बढ़ता बोझ

मित्रो, आज मैं एक ऐसे विषय पर लिख रहा हूँ जो हमारे समाज में दिन-प्रतिदिन भयंकर रूप लेता जा रहा है। आज का विषय है - मृत्युभोज। यह परंपरा प्रारंभ से ही निंदनीय रही है। जब किसी परिवार में मृत्यु होती है, उस गहन दुख और शोक के समय भोज कराना किसी भी रूप में उचित नहीं ठहराया जा सकता। मृत्यु के बाद परिवारजन धार्मिक संस्कारों के अनुसार हवन-पाठ करें, सच्ची श्रद्धांजलि दें — यही सही मार्ग है। स्वामी दयानंद सरस्वती ने भी इस कुप्रथा का कड़ा विरोध किया था। उन्होंने कहा था: मृत्युभोज मृतक की आत्मा की शांति में सहायक नहीं, बल्कि समाज में एक आर्थिक बोझ बन जाता है। लेकिन दुख की बात यह है कि समय के साथ यह परंपरा विकृत रूप ले चुकी है। आज मृत्युभोज कई जगह दिखावे का माध्यम बन गया है। बड़े-बड़े पंडाल, भव्य आयोजन, तरह-तरह के व्यंजन — मानो कोई उत्सव मनाया जा रहा हो! कुछ लोग इसे अपनी हैसियत दिखाने का साधन बना लेते हैं, तो कुछ राजनीतिक व्यक्ति इसे भीड़ जुटाने और प्रचार करने के अवसर की तरह उपयोग करते हैं। अखबारों में खबरें छपवाना, सोशल मीडिया पर संदेश फैलाना, लोगों को फोन-फोन पर आमंत्रित करना — यह सोचने वाली बात है। आर्थिक रूप से सक्षम व्यक्ति के लिए यह आसान हो सकता है, लेकिन गरीब परिवार की पीड़ा कौन समझेगा? अगर वह मृत्युभोज करे तो कर्ज.व आर्थिक बोझ का सामना करे, और यदि न करे तो समाज के ताने सुने — यह कहाँ का न्याय है? मेरी समझ से यह बिल्कुल गलत है। संभव है कि कुछ मित्र मेरी बात से सहमत न हों, परंतु समाज के प्रबुद्ध लोगों को आगे आकर इस कुप्रथा के विरुद्ध आवाज उठानी चाहिए। सच्ची श्रद्धांजलि मृतक के बताए आदर्शों पर चलने, धार्मिक अनुष्ठान करने और जरूरतमंदों की सहायता करने में है — न कि भव्य मृत्युभोज कराने में। आइए, हम सब मिलकर इस कुरीति को समाप्त करने की दिशा में कदम बढ़ाएँ। यही समय की माँग है, यही सच्ची श्रद्धांजलि है।



**मृत्युभोज मृतक की आत्मा की शांति में सहायक नहीं, बल्कि समाज में एक आर्थिक बोझ बन जाता है। सच्ची श्रद्धांजलि मृतक के बताए आदर्शों पर चलने, धार्मिक अनुष्ठान करने और जरूरतमंदों की सहायता करने में है — न कि भव्य मृत्युभोज कराने में। आइए, हम सब मिलकर इस कुरीति को समाप्त करने की दिशा में कदम बढ़ाएँ। यही समय की माँग है, यही सच्ची श्रद्धांजलि है।**



रवीन्द्र त्यागी
प्रमुख व्यवसायी, विचारक एवं समाजसेवी

# भारत-इस्राइल एफटीए का बड़ा फोकस रणनीतिक सहयोग व्यापार में सीमित बढ़ोतरी की उम्मीद



**नई दिल्ली।** जीटीआरआई की रिपोर्ट के अनुसार भारत-इस्राइल के बीच चल रहे एफटीए वार्ता का मुख्य फोकस रणनीतिक रिश्तों को मजबूत करना होगा।दोनों देशों के बाजार छोटे हैं और उनकी मांग भी सीमित है। इसलिए अगर एफटीए पूरा हो भी जाता है, तो सामानों के व्यापार में बहुत बड़ी बढ़ोतरी की उम्मीद नहीं है। भारत-इस्राइल के बीच चल रहे एफटीए वार्ता का सबसे बड़ा फायदा माल-व्यापार को नहीं, बल्कि दोनों देशों के रणनीतिक रिश्तों को मजबूत करने में होगा। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने अपने रिपोर्ट में यह दावा किया है।

जीटीआरआई का कहना है कि कृषि, जेनेरिक दवाइयां, इस्पात और रसायन जैसे क्षेत्रों में भारत प्रतिस्पर्धी है, लेकिन इस्राइल या तो आत्मनिर्भर है, सख्त गुणवत्ता और पादप स्वच्छता मानकों का पालन करता है, या पहले से ही यूरोपीय संघ और अमेरिका जैसे प्रमुख साझेदारों को टैरिफ वरीयता प्रदान करता है, जिससे भारतीय निर्यातक नुकसान में हैं। परिणामस्वरूप, द्विपक्षीय व्यापार हीरे, चावल और सिरेमिक टाइलों जैसे विशिष्ट क्षेत्रों पर ही निर्भर है। भारत-इस्राइल के आर्थिक संबंधों को गहरे करने के नए प्रयास

भारत ने इस्राइल के साथ आर्थिक संबंधों को गहरा करने के लिए एक नए प्रयास की शुरूआत की है। इसके तहत उसने लंबे समय से लंबित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए वार्ता को पुनर्जीवित किया है। यह वार्ता पहली बार शुरू होने के एक दशक से भी अधिक समय बाद हुई है। नई दिल्ली और यरुशलम ने 2010 में एफटीए पर चर्चा शुरू की, 2012-13 तक कई दौर की बातचीत की, और फिर 2014 के बाद संवेदनशील उत्पादों के लिए टैरिफ, मानकों और बाजार पहुंच पर मतभेदों के बीच इस प्रक्रिया को स्थगित कर दिया। 2024-25 में कई उच्च-स्तरीय आदान-प्रदान के बाद, दोनों सरकारों ने अब बातचीत फिर से शुरू करने के लिए नए संदर्भ-बिंदुओं को अंतिम रूप दिया है।

### दोनों देशों के बाजार में है सीमित मांग

जीटीआरआई के मुताबिक, दोनों देशों के बाजार छोटे हैं और उनकी मांग भी सीमित है। इसलिए अगर एफटीए पूरा हो भी जाता है, तो सामानों के व्यापार में बहुत बड़ी बढ़ोतरी की उम्मीद नहीं है। संस्था ने अपनी रिपोर्ट में लिखा कि दोनों देशों के लिए यह समझौता असल में रणनीतिक सहयोग बढ़ाने का मौका है। बाद भी सामानों के व्यापार में तेज बढ़ोतरी होना मुश्किल है। इस्राइल, एक उच्च आय और प्रौद्योगिकी-संचालित अर्थव्यवस्था है। इसकी जनसंख्या 10 मिलियन से भी कम है। यह देश भारत के कपड़ा, ऑटोमोबाइल और सामान्य इंजीनियरिंग वस्तुओं जैसे बड़े पैमाने पर निर्यात के लिए सीमित संभावनाएं प्रदान करता है।

# रिश्तों में सुधार का असर: भारत और चीन के बीच एयर कनेक्टिविटी बहाल

**नई दिल्ली।** भारत और चीन के बीच सीधी उड़ानें फिर से शुरू हो गई है। इस बीच दो चीनी एयरलाइन कंपनियां जल्द ही भारत के लिए अपनी उड़ान सेवाएं शुरू करने की तैयारी में हैं। सुपर्णा एयरलाइंस और जिआंगसू जिंगडोंग कार्गो एयरलाइंस ने भारतझचीन रूट पर ऑपरेशन शुरू करने के लिए केंद्र सरकार से औपचारिक संपर्क किया है। सूत्रों का कहना है कि, चीनी एयरलाइन कंपनी सुपर्णा एयरलाइंस के



साथ जिआंगसू जिंगडोंग कार्गो एयरलाइंस ने भी भारतझचीन रूट पर सेवाएं शुरू करने के लिए भारत सरकार के पास आवेदन किया है।

जिआंगसू जिंगडोंग कार्गो एयरलाइंस का कार्गो सेवाएं शुरू करने का विचार कर रही है। जबकि सुपर्णा एयरलाइंस पैसेंजर उड़ानें संचालित करना चाहती है या केवल मालवाहक सेवाओं के लिए आवेदन कर रही है, अभी साफ नहीं हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि, भारत के मुकाबले चीनी एयरलाइन कंपनियां मजबूत हैं। 2019 के दौर में जब दोनों देशों के बीच सीधी विमान सेवा भी तब भी इस रुट पर चीनी एयरलाइन कंपनियों का दबदबा होता था। क्योंकि उनके पास अंतरराष्ट्रीय स्तर के अनुभव के साथ साथ तमाम प्रकार के संसाधन मौजूद थे।

भारत की तुलना में अभी भी उनके पास मजबूत संसाधन है। लेकिन इंडिगो और एयर इंडिया नई ऊर्जा और नई ताकत और नए संसाधन के साथ कैसे चीनी कंपनियों से मुकाबला करेंगे ये देखना अब दिलचस्प होगा। दोनों देशों के बीच अच्छी है यात्री डिमांड भारत और चीन के बीच यात्रियों की संख्या हमेशा से अच्छी रहती है। 2019 में जब सीधी उड़ानें थीं तब 12 लाख से ज्यादा लोग इन उड़ानों से सफर करते थे। अगर दूसरे रूट के उड़ानों को जोड़ा जाए, तो ये संख्या 19 लाख तक पहुंच जाती थी। वहीं, जब सीधी उड़ान सेवा बंद थी तब 5.72 लाख यात्री सिंगापुर, हांगकांग, बैंकॉक और वियतनाम से चीन तक का सफर तय करते थे। ये रास्ता न केवल लंबा होता था बल्कि महंगा भी होता है।

### इस वजह से शुरू हुई सीधी विमान सेवा

इसी वर्ष अगस्त सितंबर के दौरान भारत और चीन के संबंधों में सुधार देखा गया है। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सात साल बाद चीन पहुंचे। वहां पीएम की मुलाकात राष्ट्रपति शी चिनफिंग से हुई। यह मुलाकात दोनों देशों के बीच हालिया कूटनीतिक गर्माहट का संकेत मानी जा रही है। 31 अगस्त को त्येनजिन में राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि, सीधी उड़ानों की बहाली पर विचार चल रहा है। गलवान झड़प के बाद दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया था, जिसके चलते उड़ानें बंद हो गई थीं। सीधी उड़ान सेवा फिर से शुरू होना दोनों देशों के बीच रिश्तों को सामान्य करने की दिशा में बड़ा कदम बताया जा रहा है। इंडिगो एयरलाइंस ने 26 अक्टूबर 2025 से कोलकाता से चीन के गुआंगजौ के बीच सीधी उड़ान सेवा शुरू की है। इसके अलावा इंडिगो ने 10 नवंबर 2025 को दिल्ली से चीन के गुआंगजौ के बीच भी एक विमान सेवा शुरू की है। एयर इंडिया भी 1 फरवरी 2026 से दिल्ली से शंघाई के लिए अपनी नॉन-स्टॉप उड़ानें फिर से शुरू करने की योजना बना रहा है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- क्या आप जानते हैं? एक ब्राजील के क्लिनिक में 80 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई, जब एक छात्र नर्स ने उसके क्श लाइन के माध्यम से गलती से कॉफी और दूध को दे दिया था।
- एक औसत गाय हर दिन 90 गिलास दूध पैदा करती है – तथा अपने पूरे जीवन में 350,000 गिलास दूध देती है।
- 8-औंस दूध के गिलास जितनी कैल्शियम की मात्रा प्राप्त करने के लिए एक चौथाई ब्रोकोली, सात संतरे या गेहूं की रोटी के छह स्लाइस खाने पड़ते हैं। लैक्टस की दृढ़ता, एक वयस्क के रूप में दूध को पचाने की क्षमता मनुष्यों की, एक अद्वितीय उत्परिवर्तन के रूप में, यूरोपियों और यूरोपीय वंश के लोगों के बीच आम है। 90% एशियाई और 100% मूल अमेरिकियों सहित अधिकांश वैश्विक आबादी में, लैक्टोज की कुछ डिग्री असहनीयता होती है।
- प्राचीन यूनानियों ने दूध को दवा के रूप में इस्तेमाल किया।
- एक गाय का थन 25-50 पौंड दूध रख सकता है। नेरो की पत्नी और क्लियोपेट्रा दोनों अपनी त्वचा को फिर से जीवंत करने के लिए दूध में स्नान करने के लिए नियमित रूप से ज्ञात थी। नेरो की पत्नी अपने बाथटब को दूध से भरा रखने के लिए 500 गदहे रखी थीं।

## राशिफल

**मेष:** काम का दबाव बढ़ने से मानसिक परेशानी महसूस करेंगे। किसी भी तरह का निवेश करने से पहले उस व्यक्ति के बारे में पूरी पड़ताल कर लें।

**वृष:** आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। भाग्य का पूरा सहयोग मिलेगा। अचानक धन लाभ के अवसर मिलेंगे। कोई खास और अच्छा काम बनने के योग हैं।

**मिथुन:** आज गुस्से में आकर प्यार से जुड़ा कोई भी फैसला न लें। अपने विवेक से सोच समझकर कार्य करते हुए आगे बढ़ें। पैसा खर्च हो सकता है।

**कर्क:** वाहन चलाते समय सावधान रहें, खासकर यदि आप रात के समय यात्रा कर रहे हैं। निवेश से जुड़े अहम फैसलों को किसी और दिन के लिए छोड़ दें।

**सिंह:** आज दिन मिलाजुला रहेगा। मन थोड़ा उदास हो सकता है। आज कोई भी काम जल्दबाजी में करने से बचें। लेन-देन को लेकर किसी से अनबन हो सकती है।

**कन्या:** आज परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। पैसा कमाएगा। अगर आप नई जमीन लेने की सोच रहे हैं तो आज खरीद सकते हैं।

**तुला:** आज आप खूब पैसा कमा सकते हैं लेकिन इसे हाथ से फिसलने न दें. रिश्तेदारों और मित्रों से अचानक उपहार मिलेंगे। काम पर चीजें बेहतर दिखती हैं।

**वृश्चिक:** आज का दिन बहुत अच्छा रहेगा। जीवनसाथी के साथ खुशी के पल बिताएंगे। नए लोगों से जुड़ सकते हैं आत्मविश्वास बढ़ेगा। नया प्रोजेक्ट मिल सकता है।

**धनु:** आज आपकी मुलाकात अपने किसी खास मित्र से हो सकती है। जीवनसाथी के साथ संबंध अच्छे रहने वाले हैं। नई विचारधारा का प्रभाव सामाजिक लाभ देगा।

**मकर:** विनम्र स्वभाव की तारीफ होगी। कई लोग खूब तारीफ कर सकते हैं। घर में विवाद और मतभेद के चलते कुछ तनावपूर्ण पलों का सामना करना पड़ सकता है।

**कुंभ:** आज आपका मनोबल आपको किसी महत्वपूर्ण कार्य में सफलता दिलाएगा। माता-पिता के सहयोग से आपके व्यावसायिक क्षेत्र में वृद्धि होगी।

**मीन:** अपना सच्चा प्यार मिलेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाहन सावधानी से चलाएं। ाफलता मिलेगी। नया काम शुरू करने के लिए यह सबसे अच्छा समय है।

## चुटकुले

मरीज: डॉक्टर साहब, मुझे कमजोरी लगती है!
डॉक्टर: सुबह क्या खाते हो?
मरीज: नींद!
डॉक्टर: फिर तो इलाज नहीं, अलार्म चाहिए भाई!

---

टीचर: पप्पू, होमवर्क क्यों नहीं किया?
पप्पू: मैडम, लाइट चली गई थी!
टीचर: दिन में भी?
पप्पू: दिन में तो मोबाइल चार्ज करता हूँ!

---

राजू- सर मुझे कुछ याद नहीं रहता है।
टीचर- अच्छा बताओ कि क्लास में तुम्हारी पिटाई कब हुई थी?
राजू- सोमवार को।
टीचर- यह कैसे याद रह गया?
राजू- सर प्रैक्टिकल में नहीं, थ्योरी में प्रॉब्लम ह

## 25 11 2025 करंट क्राइम — जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं — आज के जन्मदिन




सूचना: आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email: currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# 16 महीनों की चुप्पी के बाद ऋतुराज ने रनों से दिया जवाब



**मुंबई।** अब मंच तैयार है। गिल की गैरमौजूदगी, शानदार फॉर्म और चयनकताओं की उम्मीद, सब कुछ एक जगह आ चुका है। अगर वह इस फॉर्म को वनडे में बदल पाए, तो यह वापसी उनके करियर का वह मोड़ हो सकती है जिसका वह इतने समय से इंतजार कर रहे थे।

किस्मत कभी-कभी इंतजार करवाती है, लेकिन मेहनत और निरंतर प्रदर्शन के सामने देर ज्यादा टिक नहीं पाती। ऋतुराज गायकवाड़ इसका जीता-जागता उदाहरण हैं। 16 महीनों के लंबे इंतजार के बाद आखिरकार उन्हें टीम इंडिया में दोबारा जगह मिल गई है। वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज में भारतीय टीम में शामिल किए गए हैं।

ऋतुराज की वापसी किसी संयोग का परिणाम नहीं, बल्कि लगातार प्रदर्शन और धैर्य का नतीजा है। हाल ही में दक्षिण अफ्रीका-ए के खिलाफ उन्होंने तीन पारियों में 201 रन ठोके और अपनी दमदार फॉर्म का मजबूत सबूत दिया। इससे पहले घरेलू क्रिकेट में भी वह रनों की मशीन बने हुए थे। आठ पारियों में 514 रन, औसत 85.66, जो किसी भी चयनकर्ता को सोचने पर मजबूर कर दे।

**छूटते-छूटते मिला मौका**

ऋतुराज पिछली बार भारत की ओर से जिम्बाब्वे दौरे 2024 में खेले थे, लेकिन उसके बाद उन्हें लगातार बाहर बैठना पड़ा। वह एक टी20 सीरीज थी। वहीं, उनका पिछला वनडे मैच 2023 में दिसंबर में आया था, जब वह दक्षिण अफ्रीका दौरे पर टीम इंडिया के साथ गए थे। चयनकताओं की निगाहें अन्य खिलाड़ियों पर रही, जबकि उनके नाम के आगे प्रदर्शन के आंकड़े लगातार चमक रहे थे।

ऋतुराज ने घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने दलीप ट्रॉफी में 232 रन, रणजी ट्रॉफी में 330 रन बनाए, लेकिन फिर भी दरवाजा नहीं खुला। खासकर टी20 प्रारूप में माना जा रहा था कि वह टीम इंडिया की नई आक्रामक रणनीति में पूरी तरह फिट नहीं बैठते। हालांकि, उनका टी20 इंटरनेशनल रिकॉर्ड और भी शानदार है।

वह टी20 अंतरराष्ट्रीय में 39.56 की औसत और 143.53 के स्ट्राइक रेट से 633 रन बना चुके हैं। वह उन खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिन्होंने टी20 अंतरराष्ट्रीय में शतक जड़े हैं। ऋतुराज ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शतक लगाया था। इसके अलावा उनके नाम चार अर्धशतक भी हैं। इसके बावजूद उन्हें लगातार नजरअंदाज किया गया।

**गिल की चोट, ऋतुराज का अवसर**

शुभमन गिल की गर्दन की चोट ने ऋतुराज के लिए यह दरवाजा खोला है। अब यह उनके लिए सिर्फ वापसी नहीं, बल्कि अपना स्थान साबित करने का निर्णायक मौका है।

## अनुपमा रामचंद्रन बनीं भारत की पहली महिला स्नूकर विश्व चैंपियन



**नई दिल्ली।** अनुपमा की जीत सिर्फ एक खिताब नहीं, बल्कि एक संदेश है। अनुपमा ने दिखाया कि प्रतिभा, मेहनत और विश्वास मिल जाएंङ्गतो इतिहास बदल जाता है।

23 वर्षीय तमिलनाडु की खिलाड़ी अनुपमा रामचंद्रन ने भारतीय खेल इतिहास में सुनहरा अध्याय जोड़ दिया है। उन्होंने हांगकांग की तीन बार की विश्व चैंपियन ऑन यी को हराकर आईबीएसएफ वर्ल्ड स्नूकर (15-रेड) चैंपियनशिप 2025 जीत ली। यह उपलब्धि इसलिए खास है क्योंकि भारत ने महिला श्रेणी में पहली बार विश्व स्नूकर खिताब पर कब्जा किया है।

फाइनल बेहद रोमांचक रहा और अनुपमा ने मुकाबला 3-2 से जीता। निर्णायक फ्रेम में उनका भाग्य भी उनके साथ था। 60-61 के स्कोर पर ऑन यी अंतिम ब्लैक लगाकर जीत सकती थीं, लेकिन उनका शॉट चूक गया और अनुपमा ने यह मौका भुनाते हुए भारत के नाम इतिहास लिख दिया।

# भारत ने फिर रचा इतिहास

## प्रधानमंत्री मोदी ने दृष्टिबाधित महिला क्रिकेट टीम और भारतीय मुक्केबाजों को दी बधाई





**नई दिल्ली।** भारत की नेत्रहीन महिला टीम के अलावा प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय मुक्केबाजी दल की भी तारीफ की। विश्व बॉक्सिंग कप फाइनल्स 2025 में भारत ने नौ स्वर्ण, छह रजत और पांच कांस्य पदक समेत कुल 20 पदक जीते, जो अब तक का भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

भारतीय खेल इतिहास में रविवार का दिन स्वर्ण अक्षरों में दर्ज हो गया, जब भारतीय दृष्टिबाधित महिला क्रिकेट टीम ने पहली बार आयोजित ब्लाइंड महिला टी20 वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस उपलब्धि की सराहना की है।

इसके अलावा पीएम मोदी ने विश्व बॉक्सिंग कप फाइनल्स 2025 में भारतीय बॉक्सर्स के ऐतिहासिक प्रदर्शन की भी तारीफ की।

कोलंबो के पी सारा ओवल में खेले गए फाइनल मुकाबले में भारत ने नेपाल को सात विकेट से हराया। पहले गेंदबाजी करते हुए टीम इंडिया ने नेपाल को 114/5 पर रोका और मात्र 12 ओवर में 117/3 बनाकर मैच और खिताब दोनों अपने नाम कर लिए। पूरे टूनार्मेंट में भारतीय टीम अजेय रही। लीग स्टेज में उसने श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया, नेपाल, अमेरिका और पाकिस्तान जैसी टीमों को हराया और फिर सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को मात दी।

पीएम मोदी ने तारीफ करते हुए एक्स (पूर्व ट्विटर) पर लिखा, 'यह उपलब्धि कड़ी मेहनत, टीम भावना और दृढ़ संकल्प का चमकता उदाहरण है। हर खिलाड़ी एक चैंपियन है। यह जीत आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेगी।' यह जीत न सिर्फ मेडल, बल्कि भारत के दिव्यांग खेलों की पहचान और स्वाभिमान की जीत मानी जा रही है।

**ब्लाइंड क्रिकेट क्यों अलग है?**

ब्लाइंड क्रिकेट एक फिरकीदार सफेद प्लास्टिक गेंद से खेला जाता है जिसमें धातु की गेंदें होती हैं, ताकि वह लुढ़कते समय आवाज करे और खिलाड़ियों को दिशा और दूरी का अंदाजा मिल सके। एक टीम में 11 खिलाड़ी होते हैं, जिनमें दृश्य क्षमता के आधार पर अलग-अलग श्रेणियों के खिलाड़ी शामिल होते हैं।

**बॉक्सिंग में भी भारत का दमदार प्रदर्शन**

दृष्टिबाधित महिला टीम के अलावा प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय मुक्केबाजी दल की भी तारीफ की। विश्व बॉक्सिंग कप फाइनल्स 2025 में भारत ने नौ स्वर्ण, छह रजत और पांच कांस्य पदक समेत कुल 20 पदक जीते, जो अब तक का भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

पीएम मोदी ने लिखा, 'हमारे मुक्केबाजों ने रिकॉर्डतोड़ प्रदर्शन किया है। उनकी मेहनत और संकल्प भारत के लिए गर्व का विषय हैं। उन्होंने नौ स्वर्ण पदकों सहित अभूतपूर्व 20 पदक जीते। यह हमारे मुक्केबाजों के दृढ़ संकल्प और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। उन्हें बधाई। आगे के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं।'

# 42वीं सब-जूनियर नेशनल तीरंदाजी चैंपियनशिप का शुभारंभ

**इटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के पापुम पारे जिले के युपिया स्थित गोल्डन जुबिली आउटडोर स्टेडियम में रविवार को 42वीं एनटीपीसी सब-जूनियर नेशनल तीरंदाजी चैंपियनशिप का आगाज हुआ। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का औपचारिक उद्घाटन किया।



युवा तीरंदाजों, प्रशिक्षकों और अधिकारियों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह चैंपियनशिप देशभर के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अपना कौशल दिखाने का बेहतरीन मंच देगी। उन्होंने कहा कि अरुणाचल प्रदेश के युवाओं के लिए यह सीखने और आगे बढ़ने का महत्वपूर्ण अवसर है, क्योंकि तीरंदाजी जनजातीय समाज की परंपराओं में सदियों से रची-बसी है।

उल्लेखनीय है कि इसमें 46 टीमें–28 राज्यों, 8 केंद्रशासित प्रदेशों और 10 संबद्ध टीमों–की भागीदारी के साथ करीब 1,500 खिलाड़ी और अधिकारी सप्ताहभर चलने वाली इस चैंपियनशिप में हिस्सा ले रहे हैं। प्रतियोगिता में रिकर्व, कंपाउंड और इंडियन राउंड जैसी तीन मुख्य श्रेणियों में लड़के और लड़कियां हिस्सा ले रहे हैं। अरुणाचल आर्चरी एसोसिएशन द्वारा भारतीय तीरंदाजी संघ (एएआई) के तत्वावधान में आयोजित यह चैंपियनशिप 30 नवंबर तक चलेगी। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि प्रतियोगिता से राज्य की पारंपरिक तीरंदाजी कला को नई पहचान मिलेगी और उभरते खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। उन्होंने बताया कि तवांग में हाल ही में राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता आयोजित की गई है, ताकि खेल को बढ़ावा दिया जा सके। उन्होंने कहा, हम युवा खिलाड़ियों को कंपाउंड और रिकर्व तीरंदाजी में पेशेवर प्रशिक्षण दे रहे हैं।

**युवा तीरंदाजों, प्रशिक्षकों और अधिकारियों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह चैम्पियनशिप देशभर के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अपना कौशल दिखाने का बेहतरीन मंच देगी।**

मुझे विश्वास है कि हमारे खिलाड़ी जल्द ही राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अपनी पहचान बनाएंगे। उन्होंने बताया कि सभी विभागों में खिलाड़ियों के लिए 5 प्रतिशत और पुलिस व खेल विभाग में 10 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। उन्होंने खिलाड़ियों से निर्धारित नियमों के अनुसार आवेदन करने की अपील की।

राज्य में तीरंदाजी ढांचे से जुड़ी चिंताओं पर मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि खेल अधोसंरचना को तेजी से उन्नत किया जा रहा है। इससे पहले अरुणाचल आर्चरी एसोसिएशन (एएए) के अध्यक्ष और आयोजन समिति के चेयरमैन तदार निग्लार ने बेहतर तीरंदाजी सुविधाओं की आवश्यकता पर जोर दिया।

# प्रांजलि ने महिला 25 मीटर पिस्टल में जीता स्वर्ण बधिर ओलंपिक में अपने नाम किया तीसरा पदक



**टोक्यो।** प्रांजलि का टोक्यो में हो रहे बधिर ओलंपिक में यह तीसरा पदक है। इससे पहले वह अभिनव देशवाल के साथ मिश्रित पिस्टल इवेंट में स्वर्ण और महिला एयर पिस्टल में रजत पदक अपने नाम कर चुकी हैं।

प्रांजलि प्रशांत धूमल ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए महिला 25 मीटर पिस्टल वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। प्रांजलि का टोक्यो में हो रहे बधिर ओलंपिक में यह तीसरा पदक है। इससे पहले वह अभिनव देशवाल के साथ मिश्रित पिस्टल इवेंट में स्वर्ण और महिला एयर पिस्टल में रजत पदक अपने नाम कर चुकी हैं। यूक्रेन की मोसिना हलिना ने रजत और कोरिया की जियोन जिवोन ने कांस्य पदक अपने नाम किया।

**विश्व रिकॉर्ड के साथ फाइनल में किया था प्रवेश:** भारत की एक अन्य खिलाड़ी और महिलाओं की एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाली अनुया प्रसाद चौथे स्थान पर रहीं। प्रांजलि ने 600 में से 573 अंक के नए क्वालिफिकेशन विश्व रिकॉर्ड के साथ फाइनल में प्रवेश किया था। रविवार को अभिनव देशवाल ने पुरुषों की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था जो बधिर ओलंपिक की निशानेबाजी प्रतियोगिता में भारत का 15वां पदक था।

# गुवाहाटी टेस्ट जीतना भारत के लिए आसान नहीं, अब कोई चमत्कार ही सहारा



**गुवाहाटी।** भारत ने गुवाहाटी टेस्ट की पहली पारी में 151.1 ओवर गेंदबाजी की। इतने ओवर फेंकना भारत के लिए शुभ संकेत कभी नहीं रहा। 72 बार भारत ने घरेलू टेस्ट में 150+ ओवर डाले हैं। इनमें सिर्फ पांच टेस्ट में भारतीय टीम को जीत मिली।

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक मेहमान टीम ड्राइविंग सीट पर रही। दूसरा दिन पूरी तरह दक्षिण अफ्रीका के नाम रहा, खासतौर पर सेनुरन मुथुसामी ने भारतीय गेंदबाजों को परेशान किया। दक्षिण अफ्रीका के पुछल्ले बल्लेबाजों ने भारतीय गेंदबाजों को विकेट के लिए तरसा दिया।

सेनुरन ने शतक जड़ा, जबकि वेरेन ने 45 रन की पारी खेली। यानसेन ने 93 रन बना डाले। भारतीय गेंदबाजों को दो दिन जूझना पड़ा और घरेलू टेस्ट में जब भारतीय गेंदबाजों को जूझना पड़ा है तो ये शुभ संकेत नहीं रहे हैं। उन मैचों में टीम इंडिया को भी जीत के लिए जूझना पड़ा है।

## 264 रन की साझेदारी: निचला क्रम बना सिरदर्द

गुवाहाटी टेस्ट में भारत के लिए सबसे बड़ी चिंता दक्षिण अफ्रीका के निचले क्रम द्वारा जोड़े गए 264 रन रहे। यह नंबर सात और नीचे बल्लेबाजों द्वारा भारत के खिलाफ भारत में बनाई गई दूसरी सबसे ज्यादा रन हैं। इससे पहले सिर्फ वेस्टइंडीज के नंबर सात और उससे नीचे के बल्लेबाजों ने 1948 में दिल्ली में 283 रन जोड़े थे। यानी 77 साल बाद भारत के घरेलू टेस्ट में निचले क्रम ने इतनी बड़ी चोट दी है।

**भारत का 150+ ओवर बॉलिंग रिकॉर्ड बेहद खराब**

भारत ने गुवाहाटी टेस्ट की पहली पारी में 151.1 ओवर गेंदबाजी की। इतने ओवर फेंकना भारत के लिए शुभ संकेत कभी नहीं रहा। 72 बार भारत ने घरेलू टेस्ट में 150+ ओवर डाले हैं। इनमें सिर्फ पांच टेस्ट में भारतीय टीम को जीत मिली। जबकि 18 टेस्ट में टीम इंडिया को हार का सामना करना पड़ा। 48 मैच ड्रॉ और एक मैच टाई रहा। यानी, आंकड़े साफ कहते हैं कि जब भारत 150 ओवर गेंदबाजी करता है, मैच निकालना मुश्किल हो जाता है।

**जब भारत ने किसी टेस्ट में 150+ ओवर गेंदबाजी की**

(घरेलू मैदान पर)

| स्थिति | आंकड़े |
|---|---|
| कुल मौके | 72 |
| जीत | 5 |
| हार | 18 |
| ड्रॉ | 48 |

**62 ओवर सिर्फ बुमराह-सिराज ने किए**

16 साल बाद ऐसा हुआ जब भारत के दो तेज गेंदबाजों ने 30+ ओवर डाले। मोहम्मद सिराज ने 30 ओवर और जसप्रीत बुमराह ने 32 ओवर गेंदबाजी की। इसके पहले ऐसा 2009 में हुआ था जब जहीर खान (36) और इशांत शर्मा (33) ने अहमदाबाद में श्रीलंका के खिलाफ इतना बॉलिंग वर्कलोड संभाला था। ये आंकड़े दिखाते हैं कि भारत की गेंदबाजी न सिर्फ संघर्ष कर रही है, बल्कि थकान साफ दिख रही है।

**चार साझेदारियां 80+ की, 44 साल बाद यह नजारा**

इस मैच में दक्षिण अफ्रीका ने चार बार 80+ रन की साझेदारी की, जो भारत में किसी टेस्ट पारी में 44 साल बाद हुआ है।

**पिछली बार कब-कब ऐसा हुआ था**

| टीम | जगह | साल |
|---|---|---|
| वेस्टइंडीज | दिल्ली | 1948 |
| वेस्टइंडीज | मुंबई | 1948 |
| इंग्लैंड | दिल्ली | 1981 |
| दक्षिण अफ्रीका | गुवाहाटी | 2025 |

**जब पांच गेंदबाजों ने 25-25 ओवर डाले**

इतिहास कहता है जब पांच भारतीय गेंदबाज 25+ ओवर डालते हैं, भारत मैच नहीं जीतता। ऐसा अब तक पांच बार हुआ है और इनमें से चार मैच ड्रॉ रहे और एक में भारत हारा।

गुवाहाटी अब छठा मौका है। इतिहास, आंकड़े और मौजूदा हालात बताते हैं कि दक्षिण अफ्रीका ने मैच नहीं, भारत की योजना तोड़ दी है। भारत के लिए यह टेस्ट जीतना जरूरी है, क्योंकि अगर मैच ड्रॉ होता है तो टीम इंडिया घर पर एक और सीरीज हार जाएगी। दक्षिण अफ्रीका ने कोलकाता टेस्ट जीतकर 1-0 की बढ़त बना ली है।

# सुपर ओवर का रोमांच! पाकिस्तान-ए ने जीता राइजिंग स्टार्स एशिया कप का खिताब

**दोहा।** रोमांच, ड्रामा, सुपर ओवर और राजनीति, एशिया कप राइजिंग स्टार्स 2025 का फाइनल सब कुछ लेकर आया। पाकिस्तान ए की जीत पर ट्रॉफी विवाद ने मैदान के बाहर सुर्खियां बटोरीं।

एशिया कप राइजिंग स्टार्स 2025 के फाइनल मुकाबले में रोमांच अपने चरम पर था, जहां पाकिस्तान ए ने बांग्लादेश ए को सुपर ओवर में हराकर ऐतिहासिक तीसरी बार खिताब अपने नाम किया। दोहा में खेले गए इस मैच में दोनों टीमें 20 ओवर के बाद 125-125 रन बनाकर बराबरी पर रहीं, जिसके बाद फैसला सुपर ओवर से हुआ।



**सुपर ओवर का रोमांच**

बांग्लादेश ए ने सुपर ओवर में बल्लेबाजी करते हुए केवल छह रन पर दो विकेट खो दिए, जिसमें पाकिस्तान के तेज गेंदबाज अहमद दानियाल ने कमाल की गेंदबाजी की। लक्ष्य बड़ा नहीं था...सिर्फ सात रन और पाकिस्तान ने यह लक्ष्य चार गेंदों में बिना विकेट गंवाए हासिल कर लिया। इस जीत के साथ पाकिस्तान ए अब तक के टूनार्मेंट के इतिहास में तीन खिताब जीतने वाली पहली टीम बन गई है।

**बांग्लादेश की गेंदबाजी ने बनाया मुकाबला रोमांचक**

इस मैच में बांग्लादेश-ए के लिए गेंदबाज रिपॉन मोंडल स्टार साबित हुए। उन्होंने लगातार विकेट निकालकर पाकिस्तान ए को सिर्फ 125 रन पर रोक दिया। टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनने का फैसला सही दिखा और उन्होंने मध्य ओवरों में पाकिस्तान को खुलकर नहीं खेलने दिया। हालांकि, बल्लेबाजी में भी बांग्लादेश लड़खड़ा गया, लेकिन अंतिम ओवरों में रन जोड़कर मुकाबला बराबरी तक पहुंचा दिया।

**नकवी का वायरल रिएक्शन**

मैच के बाद एशियन क्रिकेट काउंसिल (अउउ) और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने पाकिस्तान ए को ट्रॉफी सौंपी। समारोह के दौरान नकवी की मुस्कान चर्चा में रही, क्योंकि कुछ महीने पहले ही भारत ने सीनियर एशिया कप की ट्रॉफी उनसे लेने से इनकार कर दिया था। बांग्लादेश के खिलाफ इस ट्रॉफी समारोह ने पहली बार कवी को सार्वजनिक रूप से किसी टीम को ट्रॉफी सौंपते हुए दिखाया।

**भारत की ट्रॉफी विवाद फिर चर्चा में**

इस मुकाबले के साथ एक बार फिर एशिया कप सीनियर टीम की विवादित ट्रॉफी चर्चा में आ गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक वह ट्रॉफी आज भी एसीसी मुख्यालय में दुबई में मोहसिन नकवी के निर्देश पर सुरक्षित है। बीसीसीआई और नकवी के बीच हुई बातों के बावजूद भारत की ट्रॉफी पर अभी भी कोई समाधान नहीं निकला है। नकवी ने यहां तक कहा था कि भारतीय खिलाड़ी चाहें तो व्यक्तिगत रूप से दुबई आकर ट्रॉफी ले सकते हैं, लेकिन भारतीय बोर्ड ने इस प्रस्ताव को कई बार ठुकरा दिया।

# रोनाल्डो ने 40 की उम्र में भी बाइसाइकिल किक से दागा अविश्वसनीय गोल



**रियाद।** रोनाल्डो ने एक बार फिर साबित किया कि महानता सिर्फ नंबरों या रिकॉर्ड से नहीं आती, बल्कि इससे आती है कि आप कितनी देर तक चोटी पर टिके रह सकते हैं। 40 की उम्र में बाइसाइकिल किक? यह सिर्फ रोनाल्डो ही कर सकते हैं।

40 की उम्र, लेकिन जज्बा अभी भी वही। क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने एक बार फिर दुनिया को याद दिला दिया कि महान खिलाड़ी सिर्फ मैदान पर नहीं बनते, बल्कि अपने जुनून, फिटनेस और खेल के जज्बे से इतिहास लिखते हैं। अल नस्त्र की ओर से खेलते हुए रोनाल्डो ने अल खलीज के खिलाफ मुकाबले के आखिरी पलों में शानदार बाइसाइकिल किक लगाकर मैच को यादगार बना दिया।

**मैच में अल नस्त्र का दबदबा और रोनाल्डो का गोल:** आखिरी मिनट में आया यह गोल सिर्फ एक गोल नहीं था, यह भावना, क्लास और ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम (ॠड.अ.ळ) लेवल का सिग्नेचर मोमेंट था। इस बाइसाइकिल किक को देखकर फैंस को तुरंत 2017 में युवेंतस के खिलाफ किए गए रोनाल्डो के चैंपियंस लीग वाले ऑल-टाइम बेस्ट गोल की याद आ गई।

यह गोल रोनाल्डो के करियर का 954वां गोल था और इसे देखकर ये कहना गलत नहीं होगा कि उम्र सिर्फ नंबर है, लेकिन लेजेंड्स की भूख हमेशा जवान रहती है। अल नस्त्र ने इस मैच में पूरी तरह दबदबा बनाए रखा।

# 'टेस्ट को मजाक बना रखा है', मैदान पर कई बार कप्तान पंत ने खोया आपा

**गुवाहाटी।** गुवाहाटी में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन एक अनोखा वाकया देखने को मिला, जब भारतीय कप्तान ऋषभ पंत मैदान पर अपने साथी खिलाड़ी कुलदीप यादव पर भड़कते हुए नजर आए। दरअसल, कुलदीप ओवर डालने में समय लगा रहे थे और इससे आईसीसी के स्टॉप-क्लॉक नियम का उल्लंघन माना जा रहा था। अंपायर ने उन्हें चेतावनी भी दी थी। पंत एक-दो बार नहीं, कई बार आपा खोते नजर आए और उन्होंने विकेट के पीछे से खिलाड़ियों को फटकार भी लगाई।



पहले दिन ही भारत को ओवर में देरी के लिए पहली चेतावनी मिल चुकी थी, लेकिन दूसरे दिन 88वें ओवर के दौरान जब फिर से टीम समय सीमा का पालन नहीं कर पाई, तो अंपायर रिचर्ड केटलबरो ने भारत को दूसरी चेतावनी दे दी। इसी दौरान पंत का धैर्य टूट गया और वह अपने साथी से नाराजगी जताते सुने गए।


स्टंप माइक पर उनकी आवाज साफ कैद हुई। पंत कहते हुए नजर आए- यार 30 सेकंड का टाइमर है, घर पे खेल रहे हो क्या? एक बॉल डाल जल्दी।' इसके बाद उन्होंने और सख्त लहजे में कहा- यार कुलदीप, दोनों बार वार्निंग ले ली। मजाक बना रखा है टेस्ट क्रिकेट को?' इस घटना ने दर्शकों को पूर्व कप्तान रोहित शर्मा की कप्तानी वाली सख्ती की याद दिला दी, जो अपने खिलाड़ियों से ऊर्जा और अनुशासन की उम्मीद रखते थे।

**आईसीसी ने हाल ही में टेस्ट क्रिकेट में भी स्टॉप-क्लॉक नियम लागू किया है। इस नियम के तहत, 'एक ओवर खत्म होने के बाद अगला ओवर 60 सेकंड के अंदर शुरू होना चाहिए।'**

**ICC का स्टॉप-क्लॉक नियम क्या कहता है?**

आईसीसी ने हाल ही में टेस्ट क्रिकेट में भी स्टॉप-क्लॉक नियम लागू किया है। इस नियम के तहत, 'एक ओवर खत्म होने के बाद अगला ओवर 60 सेकंड के अंदर शुरू होना चाहिए।' टीम को पहली दो बार सिर्फ चेतावनी मिलती है। तीसरी बार से बल्लेबाजी टीम को पांच रन बोनस के रूप में मिलते हैं। हर 80 ओवर के बाद यह गिनती रीसेट होती है। यह नियम सीमित ओवर प्रारूप में पहले से लागू है और इसी साल टेस्ट क्रिकेट में शामिल किया गया है।

# गाजियाबाद आसपास




# विधायक मदन भैया की सुपुत्री विजेता का विवाह हर्ष से सम्पन्न, दिग्गजों का मिला आशीर्वाद



गाजियाबाद, करंट क्राइम। खतौली विधायक मदन भैया की सुपुत्री विजेता का विवाह लाल बहादुर नागर के सुपुत्र हर्ष से सम्पन्न हुआ। सोमवार को जावली में भव्य विवाह समारोह में वर-वधु को आशीर्वाद देने के लिए राजनीति के दिग्गज एवं गणमान्य चेहरे पहुंचे। कार्यक्रम की आभा देखते ही बन रही थी। आयोजन में क्षेत्र के हजारों लोगों ने पहुंच कर वर-वधु को आशीर्वाद दिया। विधायक मदन भैया ने सभी का स्नेह पूर्वक आभार प्रकट किया।

## साहिबाबाद के एक फैक्ट्री में लिफ्ट की केबल टूटने से तीन मजदूर घायल, अस्पताल में भर्ती

**साहिबाबाद करंट क्राइम।** लिंक रोड थाना क्षेत्र के साइट 4 इंडस्ट्रियल एरिया में रविवार रात एक फैक्ट्री में केबल टूटने से लिफ्ट गिर गई। हादसे में तीन मजदूर घायल हो गए। साथी मजदूरों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। दो को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई, जबकि एक मजदूर के सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस को अभी इस मामले में शिकायत नहीं मिली है। रविवार रात साइट 4 इंडस्ट्रियल एरिया में पारस मोटोकैप फैक्ट्री की दूसरी मंजिल से मजदूर आशु, सनी और मयंक कुछ सामान लेकर लिफ्ट से नीचे उतर रहे थे। अचानक लिफ्ट की केबल टूट गई, जिससे लिफ्ट नीचे गिर गई। हादसे में तीनों मजदूर घायल हो गए। फैक्ट्री के दूसरे मजदूरों ने लिफ्ट का दरवाजा तोड़कर उन्हें बाहर निकाला और वैशाली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। मयंक को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।




## जारी है दो थ्री-स्टार की जुगलबंदी

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में वैसे तो बहुत सारे थ्री-स्टार हैं, कोई अपनी वर्किंग से नाम बनाता है तो कोई अपनी टीआरपी से। पर इन दिनों एक ही सर्किल में तैनात दो थ्री-स्टार छाए हुए हैं। पुलिस के बीच इन दिनों चर्चा एक ऐसी जुगलबंदी की हो रही है, जो पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में पहले भी एक सर्किल में थे और अब फिर से एक ही सर्किल में आ पहुंचे हैं। बीते दिनों पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में लिस्ट आई थी, जिसमें दोनों ही थ्री-स्टार लक बाई चांस फिर से एक ही सर्किल में आ गए हैं। यहां पर बता दें कि गाजियाबाद में जो लिस्ट आई थी, उसके बाद ही है फिर से ट्विस्ट आया है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में बीते दिनों सिटी जोन के क्राइम वाले थाना परिसर में जो मामला हुआ है, उसकी वजह से कई थानों और चौकी के प्रभारियों की टेंशन बढ़ गई है। कमिश्नरेट वाले पुलिस के सूत्रों से सुनने में आ रहा है एक थ्री-स्टार ने तो अपने सभी अधिनस्थों को चेतावनी दे दी है कि वह किसी भी आर्थिक अपराध वाले मामले में शामिल न हों। उधर सुनने में आ रहा है कि सिटी के एक थाना प्रभारी इन



दिनों अपने सभी कर्मचारियों को अलग-अलग मामलों में नंबर वन बनाने के लिए रिक्वेस्ट वाले मोड में चल रहे हैं। बताया जा रहा है कि वह सभी से कह रहे हैं कि जो भी सरकार की मंषा के अनुरूप और कमिश्नर साहब के निर्देश पर अभियान चल रहे हैं, उसमें उनके थाने की परफॉर्मेंस बेस्ट रहनी चाहिए। उन्होंने नसीहत तक दे डाली है कि अगर थाने का एक पुलिसकर्मी किसी एक व्यक्ति के मामले को पूरी तरीके से देखकर संतुष्ट करने का काम करता है। तो उससे ना सिर्फ थाने का रिकॉर्ड अच्छा होगा बल्की पुलिसिगं व्यवस्था में भी बड़ा सुधार देखने को मिलेगा। इन सबके बीच कमिश्नरेट वाले सिस्टम में अभी भी कुछ अधिकारी लिस्ट के वेट में लगे हुए हैं। इन सबके बीच पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में एसीपी लिस्ट का भी वेट बताया जा रहा है। तो पुलिस कमिश्नरेट के तीनों ही जोन में चौकी प्रभारियों की लिस्ट पर काम फाइनल हो गया है। अब देखना होगा यह लिस्ट कब आती है। उधर थ्री- स्टार की जुगलबंदी की बात की जा रही है, तो वर्तमान में एक लाइन पार वाले इलाके में हैं। तो दूसरे शहर की सबसे पुरानी कोतवाली में। कुल मिलाकर दोनों पहले भी एक ही सर्किल में रह चुके हैं और यह दूसरा मौका है, जब दोनों एक ही सर्किल में तैनात हैं।

## लोनी रेलवे स्टेशन पहुंचे रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी

# दिल्ली-शामली-सहारनपुर लाइन दोहरीकरण को मंजूरी



**- लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर के प्रस्तावों पर दोनों मंत्रियों का सकारात्मक रुख, बेहटा हाल्ट को स्टेशन बनाए जाने सहित कई मुद्दे उठे**

**लोनी, करंट क्राइम।** सोमवार को लोनी रेलवे स्टेशन पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय स्किल मंत्री जयंत चौधरी का आगमन हुआ, जहां विद्यार्थियों और स्थानीय जनता ने उनका स्वागत किया। इस दौरान लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने लोनी क्षेत्र से जुड़े अहम रेलवे मुद्दों को दोनों मंत्रियों के सामने विस्तार से रखा। दोनों केंद्रीय मंत्रियों ने प्रस्तावों पर शीघ्र और प्राथमिकता आधारित कार्रवाई के निर्देश जारी किए।

### मुख्य निर्णय व निर्देश : दोनों मंत्रियों की संयुक्त सहमति

- दिल्ली-शामली-सहारनपुर रेलवे लाइन दोहरीकरण को हरी झंडी, जिससे यात्रियों की आवाजाही अधिक तेज और निर्बाध होगी।
- बेहटा बंद फाटक के कार्य में गति लाने के निर्देश, ताकि जाम और दुर्घटनाओं की संभावनाएँ कम हों।
- बेहटा हाल्ट को पूर्ण स्टेशन का दर्जा देने के प्रस्ताव पर संबंधित अधिकारियों को तेज निस्तारण का निर्देश।
- क्षेत्रीय आवागमन सुधारने के लिए दो नई टएटव ट्रेनों की शुरुआत का ऐलान।
- लोनी से जुड़ी लंबित रेल परियोजनाओं को प्राथमिकता पर निपटाने का आश्वासन।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि रेलवे में व्यापक बदलाव हो रहे हैं और स्थानीय आवश्यकताओं को महत्व देकर तेज निर्णय लिए जा रहे हैं। वहीं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने कहा कि क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को मजबूत करना सरकार की प्राथमिकता है और लोनी के विकास से जुड़े प्रस्तावों पर हर संभव सहयोग दिया जाएगा। विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने दोनों मंत्रियों की प्रतिबद्धता पर आभार जताते हुए कहा कि इन निर्णयों से लोनी क्षेत्र की रेलवे संबंधी वर्षों से लंबित समस्याओं के समाधान की दिशा स्पष्ट हो गई है।

## दीनबंधु सर छोटूराम जयंती पर भारतीय किसान यूनियन ने किया हवन और पुष्पांजलि



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दीनबंधु सर छोटूराम जी की जयंती के अवसर पर, भारतीय किसान यूनियन सर छोटूराम के मुख्य कार्यालय, सेक्टर 23, गाजियाबाद में एक श्रद्धापूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर किसानों के मसीहा को याद करते हुए हवन किया गया और भावभीनी पुष्पांजलि अर्पित की गई। संगठन ने सर छोटूराम जी और उनके किसानों के लिए किए गए महान योगदान का अभिवादन किया और उनकी विरासत को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में रही इन प्रमुख पदाधिकारियों की उपस्थिति : इस महत्वपूर्ण अवसर पर संगठन के कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। जिनमें मुख्य रूप से : राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद चौधरी, राष्ट्रीय महासचिव अजय प्रमुख, राष्ट्रीय सचिव धर्मेंद्र चौधरी और सोनवीर खुटैल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण चौधरी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सोमवीर सोनू, जिला अध्यक्ष गाजियाबाद रणवीर प्रधान, युवा के जिला अध्यक्ष विपिन चौधरी, मीडिया प्रवक्ता रविंद्र त्यागी। इनके अलावा, हरनाम भाई सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकताओं और समर्थकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर महान किसान नेता को श्रद्धांजलि दी। सभी उपस्थित लोगों ने सर छोटूराम जी के आदर्शों पर चलते हुए किसान हित में कार्य करते रहने की प्रेरणा ली।


## वार्ड 83 में मतदाता गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य तेज, पार्षद कविता प्रवीण भाटी ने बूथों पर बीएलओ के साथ मिलकर फॉर्म किए वितरण



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एस आई आर) का कार्य पूरे शहर में प्रगति पर है। इस कड़ी में वार्ड 83 की पार्षद कविता प्रवीण भाटी ने विभिन्न मतदान केंद्रों का दौरा किया और बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) के साथ रहकर मतदाताओं को फॉर्म वितरित किए। उन्होंने फॉर्म भरने में आ रही कठिनाइयों को समझते हुए मौके पर ही मदद की, जिससे कई लोगों को अपना नाम सूची में सही-सही दर्ज कराने में सुविधा मिली। पार्षद भाटी ने कहा, हमारा लक्ष्य है कि हर मतदाता बिना किसी परेशानी के अपना फॉर्म जमा कर सके। बीएलओ के सहयोग से यह प्रक्रिया तेज और पारदर्शी बन रही है। एसआईआर के समग्र कार्य की प्रगति को लेकर जिला प्रशासन द्वारा नियमित निरीक्षण और दिशा-निर्देश जारी किए हैं, जिससे कार्य समय सीमा के भीतर पूरा किया जा सके। यह पहल न केवल मतदाता सूची को सटीक बनाती है, बल्कि स्थानीय नागरिकों के बीच विश्वास और सहयोग को भी मजबूत करती है। आगे भी वार्ड स्तर पर इसी तरह के सहयोगी प्रयास जारी रहने की उम्मीद है।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा नेता एवं सहकारी क्रय-विक्रय समिति के अध्यक्ष वीरेन्द्र सारस्वत की खास बात ये है कि वह रिश्तों को प्राथमिकता से निभाते हैं। चाहे उनको निभाने के लिए उन्हें अपने जनपद से कहीं भी, कितनी भी दूर जाना पड़े। अपने मित्रों एवं साथियों के पारिवारिक आयोजनों में अपनी हमेशा उपस्थिति दर्ज कराते हैं। वैवाहिक सीजन के इस दौर में वीरेन्द्र सारस्वत इन दिनों विभिन्न आयोजनों में नजर आ रहे हैं। एक वैवाहिक आयोजन के दौरान वह विधायक संजीव शर्मा, कार्यकारिणी उपाध्यक्ष प्रवीण चौधरी, ओमदत्त कौशिक एवं कई चेहरों के साथ नजर आये। उनकी मित्रों के प्रति भाव से भरी यह पोस्ट बनी दैनिक करंट क्राइम पास्ट ऑफ द डे।



# भारत-कनाडा का रिश्तों को और गहरा करने का वादा

## 2030 तक कारोबार हर साल 6.25 लाख करोड़ पहुंचाने का लक्ष्य

**भारत और कनाडा ने अपने रिश्ते को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्धता दोहराई है। इसके साथ ही दोनों देशों ने अपने कारोबार को 2030 तक हर साल 6.25 लाख करोड़ पहुंचाने का लक्ष्य तय किया है। भारत ने जी20 की बैठक में अपने पुराने साझेदारों से रिश्तों को नई मजबूती दी है**



**जोहानिसबर्ग।** भारत और कनाडा ने आपसी रिश्तों को और गहरा करने का फैसला किया। जोहनिसबर्ग में जी20 सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की मुलाकात में व्यापार, निवेश, टेक्नोलॉजी और रक्षा समेत कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी। दोनों देशों ने 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 70 अरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य तय किया है। अभी यह आंकड़ा करीब 30 अरब डॉलर है।

### 'भारत में निवेश को लेकर रुचि दिखा रहे कनाडाई पेंशन फंड'

पीएम मोदी ने बताया कि कनाडाई पेंशन फंड भारत में निवेश को लेकर मजबूत रुचि दिखा रहे हैं। दोनों देशों ने रक्षा और अंतरिक्ष सहयोग बढ़ाने की दिशा में भी कदम आगे बढ़ाने पर सहमति दी। इसके साथ ही भारत-ऑस्ट्रेलिया-कनाडा के बीच नई त्रिपक्षीय टेक्नोलॉजी और इनोवेशन साझेदारी (एसीआईटीआई) की घोषणा को नेताओं ने नए दौर की शुरूआत बताया। जल्द ही उच्च महत्वाकांक्षी व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) पर बातचीत शुरू होगी।

### इटली के साथ आतंकवाद के खिलाफ संयुक्त पहल

प्रधानमंत्री मोदी ने इतालवी पीएम जॉर्जिया मेलोनी से भी मुलाकात की। दोनों नेताओं ने व्यापार, रक्षा, नवाचार, एआई और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। सबसे अहम बात यह रही कि दोनों देशों ने आतंकवाद के वित्तपोषण पर लगाम लगाने के लिए संयुक्त पहल की घोषणा की। यह पहल दुनिया भर में आतंकवाद की जड़ों को कमजोर करने की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है।

### जापान के साथ नवाचार, रक्षा और व्यापार पर नई रफ्तार

पीएम मोदी की जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची से बातचीत भी सकारात्मक रही। दोनों देशों ने एआई, सेमीकंडक्टर्स, महत्वपूर्ण खनिजों, टेक्नोलॉजी और रक्षा क्षेत्रों में सहयोग को और आगे ले जाने की बात कही।

पीएम मोदी ने कहा, 'भारतझ्र जापान की मजबूत साझेदारी दुनिया के बेहतर भविष्य के लिए जरूरी है।'

### दक्षिण अफ्रीका के साथ ग्लोबल साउथ की आवाज

दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा के साथ मुलाकात में भारत और दक्षिण अफ्रीका ने ग्लोबल साउथ की आवाज को दुनिया में और बुलंद करने पर जोर दिया। दोनों नेताओं ने व्यापार, निवेश, खनन, कौशल विकास के आदान-प्रदान और तकनीकी सहयोग को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया।

### जी20 में भारत की प्राथमिकताओं को मिली गूंज

जोहनिसबर्ग में अपनाए गए जी20 घोषणा- पत्र में भारत की प्राथमिकताओं, जैसे आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक अभियान, जलवायु संकट से निपटने के लिए वित्त जुटाने और ग्लोबल साउथ की चिंताओं, को मजबूत समर्थन मिला। पीएम मोदी ने आईएमएफ प्रमुख क्रिस्टालिना जॉर्जीवा और डब्ल्यूटीओ प्रमुख न्गोजी ओकोंजो-इवेला से भी मुलाकात कर वैश्विक अर्थव्यवस्था और व्यापार सुधारों पर चर्चा की।

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भारत आने का न्योता स्वीकार कर लिया है। वे शुरूआत 2026 में भारत आएंगे। दोनों नेताओं की मुलाकात जी20 सम्मेलन के दौरान दक्षिण अफ्रीका में हुई। बातचीत में तय हुआ कि भारत और कनाडा रक्षा, अंतरिक्ष, व्यापार, निवेश, टेक्नॉलजी और ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाएंगे।

दोनों देश एक व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) पर औपचारिक बातचीत शुरू करेंगे, जिसमें सामान, सेवाएं, निवेश, कृषि, डिजिटल व्यापार, मोबिलिटी और सतत विकास जैसे मुद्दे शामिल होंगे।




## लालकुआं में इलेक्ट्रिकल दुकान में चोरी, 7 लाख का माल व नकदी उड़ाई

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** लालकुआं जीटी रोड स्थित मयंक इलेक्ट्रिकल्स में देर रात चोरी की घटना सामने आई है। वेव सिटी थानाक्षेत्र में हुई इस वारदात में चोरों ने दुकान का शटर और चैनल लॉक तोड़कर अंदर घुसते ही महंगी इलेक्ट्रिक वायर के बंडल और गल्ले में रखी नकदी चोरी कर ली। चोरी हुए सामान की कीमत करीब 6 से 7 लाख रुपये, जबकि 1.25 लाख रुपये नकद बताए जा रहे हैं। चोर जाते समय दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों का डीवीआर भी ले गए, हालांकि दुकान मालिक के पास कैमरे की बैकअप फुटेज मौजूद है जिसमें तीनों चोर साफ दिखाई दे रहे हैं। स्वास्थ्य कारणों से दुकान मालिक देवेंद्र गोयल कुछ समय से दुकान पर मौजूद नहीं थे। हाल ही में उनकी पत्नी का एम्स दिल्ली में किडनी ट्रांसप्लांट हुआ था, जिसके चलते दुकान उनके भतीजे के जिम्मे थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश जारी है।

## महंत यति नरसिंहानंद को दिल्ली जाने से रोका

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** डासना देवी मंदिर के महंत यति नरसिंहानंद गिरी को सोमवार को पुलिस ने दिल्ली जाने से रोक दिया। वह इस्लामिक जिहाद पर श्वेत पत्र जारी कराने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री आवास जा रहे थे। पुलिस ने बताया कि कानून व्यवस्था के मद्देनजर और दिल्ली पुलिस द्वारा जारी नोटिस के बाद उन्हें रोका गया। रोकने पर महंत ने इसे लोकतंत्र की हत्या बताया और कहा कि सरकार को इस मुद्दे पर श्वेत पत्र जारी करना चाहिए। इस दौरान डॉ. उदिता त्यागी, अनिल यादव और अन्य लोग मौजूद रहे।

# 27 नवंबर को गाजियाबाद आएंगे मुख्यमंत्री योगी

## 2500 पुलिसकर्मी होंगे तैनात, मेरठ रोड का हो रहा सौंदर्यीकरण



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 27 नवंबर को गाजियाबाद के मुरादनगर क्षेत्र में प्रस्तावित जैन समाज के धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री यहां जैन समाज द्वारा तैयार किए गए भव्य गुफा मंदिर का शुभारंभ करेंगे। यह पहला अवसर है जब मुख्यमंत्री जैन समुदाय के किसी बड़े धार्मिक आयोजन में गाजियाबाद पहुंच रहे हैं।

मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की तैयारी जोरों पर है। प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को सख्त करते हुए पूरा प्लान तैयार कर लिया है। पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़ ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ रूट प्लान, स्थल निरीक्षण और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की।

### कड़ी सुरक्षा के लिए 2500 पुलिसकर्मी होंगे तैनात

**करंट क्राइम :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। कमिश्नरेट पुलिस के अनुसार, कार्यक्रम में लगभग 2500 पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। इनमें आईपीएस अधिकारी, पीपीएस स्तर के अधिकारी, थाना प्रभारी, सब-इंस्पेक्टर और रिजर्व फोर्स शामिल होंगे। इसके अलावा, बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड को भी कार्यक्रम स्थल और मार्गों पर तैनात किया जाएगा। आसपास के थानाक्षेत्रों की फोर्स को रिजर्व रखा गया है ताकि किसी भी स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके।

### मेरठ रोड की बदलेगी सूरत, शहर हुआ तैयार

**करंट क्राइम :** मुख्यमंत्री के दौरे को देखते हुए नगर निगम और नगर पालिका ने मेरठ रोड और कार्यक्रम स्थल तक जाने वाले सभी मार्गों को व्यवस्थित करने का अभियान शुरू कर दिया है। इसके साथ ही सड़क मरम्मत, सफाई अभियान , डिवाइडरों की रंगाई, कार्यक्रम स्थल के आसपास लाइटिंग और ट्रैफिक मैनेजमेंट प्लान तैयार किया जा रहा है। अगले दो दिनों तक लगातार सौंदर्यीकरण और मरम्मत कार्य जारी रहेगा, ताकि मुख्यमंत्री के आगमन के दौरान क्षेत्र सुंदर, स्वच्छ और व्यवस्थित दिखाई दे।

### जैन समाज में उत्साह

**करंट क्राइम :** कार्यक्रम को लेकर जैन समाज में काफी उत्साह है और बड़े पैमाने पर श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। धार्मिक आयोजन के साथ-साथ इस मंदिर के उद्घाटन को ऐतिहासिक माना जा रहा है।

# भारतीय मूल का वांछित अपराधी कनाडा में हथियार समेत गिरफ्तार, निकोलस सिंह पर क्या आरोप?



**टोरंटो।** कनाडा की टॉप 25 मोस्ट वॉन्टेड लिस्ट में शामिल भारत मूल के निकोलस सिंह को टोरंटो पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे बाथर्स्ट और ड्यूपॉन्ट इलाके में एक वाहन से पकड़ा, जहां उसके पास फायरआर्म, एक्सटेंडेड मैगजीन और गोलियां मिलीं।

कनाडा की सुरक्षा एजेंसियों ने देश की टॉप 25 मोस्ट वॉन्टेड की लिस्ट में शामिल भारत मूल के 24 वर्षीय निकोलस सिंह को टोरंटो में गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी कई गंभीर आपराधिक मामलों में वांछित था और उसके खिलाफ कनाडा-भर में वॉरंट जारी था। पुलिस के अनुसार, सिंह पर पैरोल तोड़ने और प्रतिबंधित हथियार रखने के मामले पहले से दर्ज थे।

पुलिस टीम बाथर्स्ट स्ट्रीट और ड्यूपॉन्ट स्ट्रीट इलाके में नियमित गश्त के दौरान मौजूद थी, तभी अधिकारियों को एक वाहन में सिंह दिखाई दिया। टीम ने स्थिति को तुरंत नियंत्रित किया और बिना किसी प्रतिरोध के उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार करते समय निकोलस सिंह के पास एक फायरआर्म, एक्सटेंडेड मैगजीन और गोलियां बरामद हुईं।

**सिंह पर पहले से थे गंभीर आरोप**

अधिकारियों के मुताबिक आरोपी पहले भी हथियार चलाने, सशस्त्र लूट और प्रतिबंधित हथियार रखने जैसे मामलों में दोषी ठहराया जा चुका है। उसे पांच वर्ष, पांच महीने और दस दिनों की सजा सुनाई गई थी, लेकिन पैरोल अवधि के दौरान वह फरार हो गया था। इसी कारण वह कनाडा की सबसे बड़ी वांछित सूची में शामिल कर लिया गया था। टोरंटो पुलिस ने गिरफ्तारी के बाद कहा कि यह कार्रवाई शहर में बढ़ते गैंग-संबंधित अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए महत्वपूर्ण है। अधिकारियों ने बताया कि हथियार और गोलियों के साथ सिंह का पकड़ा जाना इस बात का संकेत है कि वह बड़े अपराध की तैयारी में भी हो सकता था।

## फिलिपींस में बाढ़ नियंत्रण परियोजनाओं में भ्रष्टाचार, 7 गिरफ्तार

**फिलिपींस।** बाढ़ नियंत्रण परियोजनाओं में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने कहा कि इस घोटाले में सात लोगों को हिरासत में लिया गया है और कई अन्य की तलाश जारी है। इस मामले में शक्तिशाली सांसद और सरकारी अधिकारियों के नाम भी शामिल हैं।

भ्रष्टाचार के कारण गरीब इलाकों में बाढ़ नियंत्रण परियोजनाएँ अधूरी या निम्न गुणवत्ता की बन रही थीं। इस घोटाले में जाल्डी को, पूर्व सांसद, और कुछ सरकारी इंजीनियर भी आरोपी हैं। पहले मामले में ओरिएंटल मिनडोरो प्रांत की नदी की ढाई करोड़ पेसो की डाइक परियोजना में अनियमितताएं मिलीं। मार्कोस ने कहा कि हिरासत में लिए गए लोगों में से एक को क्यूजोन सिटी में एक घर से गिरफ्तार किया गया, जबकि छह अन्य स्वयं पुलिस के सामने आए।

## पुण्यतिथि पर स्वर्गीय कृष्णमित्र को दी गई श्रद्धांजलि







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** दिवंगत महाकवि कृष्णमित्र जी की पुण्यतिथि पर उनको श्रद्धांजलि सुमन अर्पित किये गये। उनके सुपुत्र पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने अपने संस्थान पर उनका श्रद्धांजलि कार्यक्रम रखा। जिसमें संस्थान के कर्मियों ने स्वर्गीय मित्र जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

## आईटीएस की सहायक प्रोफेसर मोनिका शर्मा ने वाणिज्य विषय में हासिल की पीएचडी की उपाधि



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मोहन नगर स्थित आईटीएस कॉलेज में कार्यरत सहायक प्रोफेसर मोनिका शर्मा ने अलवर स्थित लॉर्ड्स यूनिवर्सिटी चिकानी से वाणिज्य विषय में पीएचडी की उपाधि हासिल की है। उनका शोध कार्य वाणिज्य संकाय की वरिष्ट शिक्षिका प्रोफेसर मीनाक्षी बिंदल के निर्देशण में पूरा हुआ। उनके शोध का शीर्षक कार्यरत महिलाओं और ग्रहणियों के ऑनलाइन खरीद व्यवहार का विश्लेषण है। उनकी इस उपलब्धि पर शैक्षणिक जगत एवं सामाजिक क्षेत्र के लोगों ने उन्हें बधाई दी है।

## पूर्व सीआईए अधिकारी का खुलासा- एक्यू खान ने जनरलों को भी दे रखी थी तनख्वाह



**वॉशिंगटन।** अमेरिकी खुफिया एजेंसी के एक पूर्व अधिकारी ने बड़ा खुसाला किया है। 35 साल सीआईए में बिताने वाले जेम्स सी लॉलर का दावा है कि पाकिस्तानी वैज्ञानिक एक्यू खान ने दुनिया के कई देशों को परमाणु तकनीक बेची थी, उन्होंने ये भी कहा कि एक्यू खान ने उस वक्त के कई पाकिस्तानी जनरलों को तनख्वाह भी दे रखी थी, जो उसके इशारे पर काम करते थे।

अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए के पूर्व अधिकारी जेम्स लॉलर- जिन्हें एजेंसी में 'मैड डॉग' कहा जाता था, ने पहली बार विस्तार से बताया कि कैसे उन्होंने पाकिस्तान के परमाणु वैज्ञानिक अब्दुल कादिर खान की वैश्विक तस्करी नेटवर्क को तोड़ा और क्यों उन्हें 'मौत का सौदागर' कहा।

**'परमाणु तकनीक बेच रहे थे एक्यू खान':** लॉलर के अनुसार, अमेरिका लंबे समय तक यह समझता रहा कि एक्यू खान सिर्फ पाकिस्तान के लिए तकनीक जुटा रहे हैं। लेकिन धीरे-धीरे सीआईए को सबूत मिले कि वो कई देशों को गुप्त रूप से परमाणु तकनीक बेच रहे थे। लॉलर ने खुलासा किया- 'एक्यू खान की तनख्वाह पर कुछ पाकिस्तानी जनरल और नेता थे।' हालांकि उन्होंने साफ किया कि यह पाकिस्तान की आधिकारिक नीति नहीं थी, बल्कि कुछ व्यक्तियों की मिलीभगत थी।

लॉलर ने बताया कि उन्होंने पुरानी सोवियत 'ट्रस्ट ऑपरेशन' से प्रेरित होकर ऐसे फर्जी विदेशी कारोबार खड़े किए, जो बाहर से परमाणु तकनीक बेचने वाले लगते थे। इन कंपनियों के जरिये वे उन देशों को खराब या छेड़छाड़ की हुई मशीनें भेजते थे जो परमाणु हथियार बनाने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 'प्रसार रोकने के लिए हमें खुद एक 'प्रोलिफरेटर' बनना पड़ाङ्क हमारी मशीनें जाकर टूट जाती थीं, और उनका प्रोजेक्ट रुक जाता था।' 9/11 के बाद जब लीबिया पर शक गहराया, सीआईए ने 'बीबीसी चाइना' नाम के कार्गो जहाज को रोककर उसमें छुपे लाखों परमाणु पुर्जे बरामद किए। लॉलर ने बताया कि, 'जब हमने गद्दाफी सरकार को वे कंटेनर दिखाए, कमरे में ऐसी खामोशी छा गई कि पिन गिरने की आवाज सुनाई देती।'

## अमेरिका की सख्ती का लाभ उठाने के लिए नागरिकता कानून बदलेगा कनाडा!



**अमेरिका की तरफ से नागरिकता पर सख्ती और बड़े पैमाने पर निर्वासन का लाभ उठाने के लिए कनाडा नागरिकता कानून में बदलाव करेगा**

**ओटावा।** कनाडा ने अपने नागरिकता कानून में बड़ा और बेहद अहम सुधार करने की दिशा में कदम बढ़ा दिया है। सिटिजनशिप एक्ट में बदलाव करने वाला बिल सी-3 अब शाही स्वीकृति पा चुका है। यानी कानून बदलने की राह लगभग साफ हो गई है। यह बदलाव खासकर उन भारतीय मूल के हजारों परिवारों के लिए बड़ी राहत लेकर आने वाला है, जिनके बच्चे विदेश में जन्म लेने या गोद लिए जाने की वजह से नागरिकता से वंचित रह जाते थे।

**कनाडा के नागरिकता कानून में क्या बदलेगा?**

बिल सी-3 लागू होने के बाद, वे लोग भी कनाडाई नागरिकता पा सकेंगे, जो पहले पुराने कानूनों की वजह से बाहर रह गए थे, जबकि वे हकदार थे। किसी कनाडाई माता-पिता का बच्चा, जिसका जन्म या गोद लिए जाने की प्रक्रिया कनाडा के बाहर हुई है, अब नागरिकता पा सकेगा- यदि माता-पिता का कनाडा से ठोस संबंध साबित होता है।

यह बदलाव सीधे उस पहली पीढ़ी की सीमा को राहत देता है, जिसे 2009 में लागू किया गया था। इस सीमा के कारण, यदि किसी कनाडाई माता-पिता का जन्म भी विदेश में हुआ था, तो उनके विदेश में जन्मे बच्चे को नागरिकता नहीं मिलती थी।

दिसंबर 2023 में, ओंटारियो सुपीरियर कोर्ट ने इस नियम को असंवैधानिक बताया था और कहा था कि इससे बच्चों के अधिकार गंभीर रूप से प्रभावित होते हैं। सरकार ने कोर्ट के फैसले को चुनौती नहीं दी, बल्कि माना कि यह नियम आधुनिक परिवारों की वास्तविकताओं से मेल नहीं खाता।

**बदलाव पर सरकार का बयान**

कनाडा की इमिग्रेशन मंत्री लेना मेतलेगे दियाब ने कहा, 'यह बिल हमारे नागरिकता कानून में पुराने घावों को भरेगा। यह उन परिवारों के लिए न्याय लेकर आएगा जिनके बच्चों को पहले की गलतियों की वजह से नागरिकता नहीं मिल पाती थी।'

'लॉस्ट कैनेडियन्स' के संस्थापक डॉन चैपमैन ने भी कहा कि सरकार ने आधुनिक, वैश्विक जीवनशैली को ध्यान में रखते हुए यह सुधार कर सही कदम उठाया है।

**कब से लागू होगा नया कानून?**

यह बिल अब पूरी तरह से तैयार है, लेकिन इसे लागू करने की तारीख कनाडाई सरकार ऑर्डर इन काउंसिल के जरिए जल्द घोषित करेगी। तब तक पुराने नियम से प्रभावित लोगों के लिए अंतरिम व्यवस्था लागू रहेगी।

# पाकिस्तान के पेशावर में अर्धसैनिक बल के मुख्यालय पर धमाके, आत्मघाती हमले में तीन जवानों की मौत



**पाकिस्तान के पेशावर में सोमवार को संघीय पुलिस दल (कॉन्स्टेबुलरी) के मुख्यालय पर हमला हो गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मुख्यालय के पास कई धमाकों की आवाज सुनी गई, जिसके बाद इलाके को खाली करा लिया गया है। पाकिस्तान की सुरक्षा एजेंसियों के मुताबिक, इस हमले में शामिल आत्मघाती हमलावरों को मार गिराया गया है। इस घटना में पुलिस दल के तीन जवानों की मौत हुई है। इसके अलावा दो घायल हुए हैं।**

**पेशावर।** पाकिस्तान की द डॉन वेबसाइट के मुताबिक, हमला सुबह करीब 8 बजे सद्दार-कोहत सड़क पर हुआ। पहले एक आत्मघाती हमलावर ने खुद को मुख्यालय के गेट पर ही उड़ा लिया। इसके बाद कुछ फायरिंग की आवाजें भी सुनी गईं। इस दौरान एक और हमलावर मुख्यालय में घुसने की कोशिश करने लगा। हालांकि, उसे सुरक्षाबलों ने मार गिराया। इसके बाद सुरक्षाबलों ने इलाके को घेर लिया और राहत-बचाव अभियान शुरू किया।

इस बीच पेशावर के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल लेडी रीडिंग हॉस्पिटल में आपातकाल घोषित कर दिया गया। अस्पताल के प्रवक्ता ने कहा कि छह घायलों को को लाया गया है, जिनकी हालत स्थिर है।

बताया गया है कि जिस संघीय पुलिस दल पर हमला हुआ है, उसे नागरिक अर्धसैनिक बल है, जिसे पहले फ्रंटियर कॉन्स्टेबुलरी कहा जाता था। इसी साल जुलाई में शहबाज शरीफ की सरकार ने इसका नाम फेडरल कॉन्स्टेबुलरी रखा था। पेशावर में जिस जगह पर इसका मुख्यालय है, वह जगह काफी भीड़भाड़ वाले इलाके में है। साथ ही सैन्य छावनी भी यहां से काफी नजदीक है।

गौरतलब है कि पाकिस्तान में बीते कुछ वर्षों में आतंकी हमलों में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। खासकर खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान प्रांत में। इन हमलों में बढ़ोतरी की मुख्य वजह आतंकी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के साथ पाकिस्तान सरकार का शांति समझौता टूटना रहा है।




# राइज इन इंडिया 2025 का भव्य शुभारंभ

## एस.पी. सिंह बघेल एवं डॉ. अनिल अग्रवाल ने किया उद्घाटन

### एचआरआईटी विश्वविद्यालय में नवाचार रक्षा तकनीक और स्टार्टअप्स का अद्भुत संगम









**केंद्रीय राज्य मंत्री एस.पी. सिंह बघेल ने प्रदर्शनी की सराहना करते हुए कहा—**



राइज इन इंडिया का छठा संस्करण भारत की विकास यात्रा को नई ऊर्जा, नई दिशा और नया विश्वास देगा।

**पूर्व सांसद डॉ. अनिल अग्रवाल ने कहा**—यह मंच भारत की क्षमता, कौशल और नवाचार शक्ति को वैश्विक स्तर पर उजागर करने का उत्कृष्ट अवसर है।



पूरे दिन छात्रों का इसरो और डीआरडीओ के स्टॉल्स पर विशेष उत्साह देखने को मिला, जहाँ उन्होंने उन्नत अंतरिक्ष एवं रक्षा तकनीकों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।



**उद्घाटन दिवस की प्रमुख झलकियाँ**

- हजारों लोगों की मौजूदगी और विभिन्न राज्यों से आई राष्ट्रीय स्तर की सहभागिता
- वैज्ञानिक संस्थानों, मंत्रालयों और पीएसयू द्वारा अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों का लाइव प्रदर्शन
- स्टार्टअप्स व सूक्ष्म उद्योगों के लिए विशेष इनोवेशन कॉरिडोर
- रक्षा, तकनीक, स्वास्थ्य, अनुसंधान और इंडस्ट्री सेक्टर की कई उल्लेखनीय प्रस्तुतियाँ

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एचआरआईटी विश्वविद्यालय एक बार फिर राष्ट्रीय नवाचार के सबसे बड़े मंचों में से एक का साक्षी बना, जब सोमवार को 'राइज इन इंडिया 2025' के छठे संस्करण का शानदार शुभारंभ केंद्रीय मंत्री एस.पी. सिंह बघेल और पूर्व सांसद डॉ. अनिल अग्रवाल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। विशाल कैंपस में सुबह से ही उत्साह का माहौल था—देशभर से आए विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं, उद्योग विशेषज्ञों, स्टार्टअप संस्थापकों और विभिन्न वैज्ञानिक संस्थानों की मौजूदगी ने आयोजन को भव्यता प्रदान कर दी। भविष्य की तकनीकों, आत्मनिर्भर भारत की दिशा और युवा नवाचार की क्षमता को एक ही स्थान पर जोड़ने वाला यह कार्यक्रम इस वर्ष और भी बड़े पैमाने पर आयोजित किया जा रहा है। रक्षा, अंतरिक्ष, स्वास्थ्य, सूक्ष्म उद्योग, स्मार्ट टेक्नोलॉजी और स्टार्टअप इकोसिस्टम—सभी क्षेत्रों की उत्कृष्ट प्रस्तुतियों और लाइव डेमो ने प्रथम दिन को बेहद खास बना दिया।

एचआरआईटी विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों के बीच क्विज प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं, जिनमें विजेताओं को सर्टिफिकेट और ट्रॉफी प्रदान की गई। 'राइज इन इंडिया 2025' न केवल युवाओं को भविष्य की प्रौद्योगिकियों से जोड़ने वाला प्लेटफॉर्म साबित हो रहा है, बल्कि यह विकसित भारत की प्रगतिशील तस्वीर को भी मजबूती से सामने रख रहा है।

# यूजर चार्ज में इस बार वसूले गए हैं 7 करोड़ 58 लाख रुपये

### वसूली बढ़ाने के लिए नगर आयुक्त ने अधिकारियों संग की बैठक



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने सोमवार को नगर निगम कार्यालय में यूजर चार्ज वसूली बढ़ाने को लेकर जोनल प्रभारियों और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में अब तक हुई वसूली की जोनवार रिपोर्ट प्रस्तुत की गई तथा आगे की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। नगर आयुक्त ने निर्देश दिए कि वसूली में तेजी लाई जाए तथा विशेष रूप से कमर्शियल भवनों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि यूजर चार्ज वसूली में पिछड़ने वाले क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाए जाएं और अधिकारी नियमित मॉनिटरिंग करें।

**जोनवार वसूली के आंकड़े**

| जोन | वसूली राशि |
|---|---|
| वसुंधरा जोन | 2 करोड़ 41 लाख |
| कवि नगर | 1 करोड़ 63 लाख |
| सिटी जोन | 97 लाख |
| मोहन नगर | 82 लाख |
| विजयनगर | 74 लाख |

**बैठक में मौजूद अधिकारी**

**करंट क्राइम :** बैठक के दौरान मुख्य कर निर्धारण अधिकारी एस.के. राय, विजयनगर जोनल प्रभारी अमरनाथ, मोहन नगर जोनल प्रभारी सुशील प्रताप सिंह, सिटी जोन प्रभारी आर.पी. सिंह सहित सभी कर अधीक्षक उपस्थित रहे।

**पिछले वर्ष की तुलना में बेहतर वसूली**

**करंट क्राइम :** नगर निगम के अनुसार, पिछले वर्ष मार्च माह में यूजर चार्ज के तहत 5 करोड़ 19 लाख की वसूली की गई थी, जबकि इस वर्ष नवंबर माह के अंतिम सप्ताह तक 6 करोड़ 58 लाख की वसूली हो चुकी है। नगर आयुक्त ने इसे सकारात्मक बताया लेकिन लक्ष्य और बढ़ाने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि आगे की रणनीति के तहत प्रत्येक घर और प्रतिष्ठान तक पहुंचकर नियमों के अनुसार यूजर चार्ज वसूली की जाएगी। इसके लिए वसूली टीमों को मोटिवेट किया जा रहा है तथा आवश्यक प्रशासनिक सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा।




- क्यों कहा कहने वाले ने कि ठाकुर विधायक जी का हकीकत में ठाकुर वाला ही है किरदार? जब वो कुछ ठान लेते हैं तो फिर कोई भी नहीं कर पाता उनको पार? सुना है क्षेत्र में हुआ कई दिनों तक भव्य कार्यक्रम? उन्होंने इस कार्यक्रम में नहीं दिये बिल्कुल भी दीदार? मंच रोजना सज रहा था, पार्टी के बड़े चेहरों से? मगर अगर लग जाये दिल पर बात? तो फिर विधायक जी इसके आगे नहीं करते हैं कुछ भी स्वीकार?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार की भगवा कमिश्नर मैडम गुप्ता की एक बात तो है खास? वो पार्टी के मैटर में लाग-लपेट नहीं लगाती? देती हैं सीधा, साफ और स्पष्ट जवाब? उन्होंने दे दिया है संदेश? उनके मंडल के सात में से केवल तीन पार्षद ही हैं एक्टिव फेस? ये ही तीनो पार्षद कर रहे हैं एसआईआर अभियान में शिद्दत से काम? सुना है बाकी निष्क्रिय वालों का संगठन तक पहुंचा दिया है पैगाम?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि हम हैं नदिया पार वाले भगवा मैम्बर चौधरी के खास? हमने देखा जब थी उनके पास भगवा कमिश्नर की जिम्मेदारी? तब बूथ वाली जिम्मेदारी में उन्होंने रखा था मौजूदा भगवा कमिश्नर के पारिवारिक सदस्य को अपनी टीम में साथ? मगर अब जब मौजूदा कमिश्नर का आया है टाईम? उन्होंने नहीं दिया है बिल्कुल भी हम जैसा पैगाम? बना ली है उन्होंने उनसे दूरी? जो बताये थे हमने उनको नाम?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि सपा के पूर्व अध्यक्ष राहुल चौधरी हैं समाजवादी पार्टी के सच्चे सिपाही? ये बात हम यूं ही नहीं कह रहे? ये बात थी भाजपा के एक विधायक के मुख से बाहर आई? एक आयोजन में विधायक जी ने बताई थी ये बात? कहा था हमने डाले थे राहुल भैया के डोरे? आ जाओ हमारे साथ? हमारी बात पर आ गई थी उनके चेहरे पर मुस्कान? वो बोले थे जब इतना जीवन पार्टी को दे दिया है? शेष भी है अब भैया के नाम पर कुर्बान?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि हम देख रहे हैं भगवागढ़ के मंडल अध्यक्ष तो जुड़े हैं अभियान में? मगर जो उनके नीचे की टीम के पदाधिकारी हैं? वो सब निष्क्रिय नजर आ रहे हैं? जैसे चले गये हों ध्यान में? कहने वाले ने कहा अधिकतर मंडल अध्यक्षों की टीम नहीं ले रही है इस अभियान पर ध्यान? यूं तो हमने बहुत सारे आलसी देखे हैं? मगर ऐसे नहीं देखे श्रीमान?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि एक बात तो है यार? हम थे विधायक जी की बिटिया की शादी में क्रान्तिकारी धरा पर मौजूद? यहां पर हुए हमे उन चेहरों के दीदार? जो पार्टी के मैराथन वाले कार्यक्रम में प्रकट करने नहीं पहुंचे थे विचार? इन सभी चेहरों ने भैया जी के यहां पर कराई अपनी उपस्थिति दर्ज? करा दिया एहसास, कौन सा वाला जरूरी है हमारे लिए फर्ज? हमारा तो यही है पंच, यात्रा से ज्यादा हमें भाया विधायक जी का लंच?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवागढ़ के कई चेहरों ने दी थी भैया जी के कार्यक्रमों में क्रान्तिकारी धरा पर दस्तक? सभी ने किये थे आयोजन के फोटो फेसबुक पर अपलोड? मगर यहां पर एक विधायक ने बना ली फोटो अपलोड करने से दूरी? ये बात हो प्रमुखता से नोट? हमने देखा कार्यक्रम में जाने के बाद यूं तो कई प्रोग्राम को दिया उन्होंने अपनी फेसबुक पर स्थान? आखिर भैया जी के कार्यक्रम से क्यों बना गये वो दूरी? ये बात जानना चाहता है गाजियाबाद का आवाम?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि बघेल जी मुस्कुराहट में कर रहे थे अग्रवाल जी से बात? सुना है वो यूनिवर्सिटी के कार्यक्रम से काफी प्रभावित थे साहब? उन्होंने मजाक-मजाक में कहा हमने भी प्राप्त की है एजूकेशन बहुत सारी? हमें भी मिलनी चाहिए यहां पर चांसलर की जिम्मेदारी? कहने वाले ने कहा बघेल जी की बात अपनी जगह बिल्कुल है ठीक? जो भी रखता है यहां की क्रान्तिकारी धरा पर कदम? उसको गाजियाबाद की हर व्यवस्था लगती है स्वीट?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि विधायक जी जनसमस्याओं पर रखते हैं नजरें शॉर्प? हमने देखा सुर्खियों में था नगर निगम की अनदेखी से चल रहा एक पार्क? इस पार्क पर स्थानीय जनता हो गई थी अपने पैसों से काम कराने को मजबूर? ये बात विधायक संजीव शर्मा को ठीक नहीं लगी हुजूर? उन्होंने अपनी निधि कर दी यहां पर कुर्बान? कहने वाले ने कहा कि जो काम निगम ने करना चाहिए था? उसका किया कमांडर ने समाधान?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि हमारी भगवा योद्धा तक पहुंचा देना बात? एसआईआर अभियान में पार्षदों से काम कराना तो ठीक है? मगर उनसे भी काम करा लिया जाये जिन्होंने दिया था नगर निगम चुनाव में आघात? सुना है जो हो गये थे बागी? उन्होंने पार्टी ज्वाईन करने के बाद नहीं दिया है कोई मजबूत पैगाम? एसआईआर वाले अभियान से भी सब दूर हैं? हमें ये बात बिल्कुल भी अच्छी नहीं लग रही है?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# जिलाधिकारी ने ठंड एवं शीत लहर के सम्बन्ध में जूम के माध्यम से की समीक्षा बैठक

## रैन बसेरे/शेल्टर होम व सभी मूलभूत सुविधाओं को चाक-चौबंद करें : जिलाधिकारी



**जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि**

- प्रत्येक चौराहे का निरीक्षण किया जाए,
- कोई भी व्यक्ति खुले में, सड़क या फुटपाथ पर सोता हुआ न मिले,
- जरूरतमंद व गरीब लोगों की पहचान कर उन्हें कंबल उपलब्ध कराए जाएँ।

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अपर जिलाधिकारी (वि/रा) सौरभ भट्ट ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया कि जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड की अध्यक्षता में अत्यधिक ठंड एवं शीत लहरी से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के समाधान हेतु जूम मीटिंग के माध्यम से जनपद स्तरीय अधिकारियों की ऑनलाइन समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में ठंड की तैयारी का विस्तृत मूल्यांकन किया गया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

'निराश्रित एवं कमजोर वर्ग को राहत पहुँचाना प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता' जिलाधिकारी ने कहा कि अत्यधिक ठंड एवं शीत लहर के दौरान निराश्रित, असहाय और कमजोर वर्ग के व्यक्तियों को राहत पहुँचाना प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से जनपद में नगर निगम, नगर पालिका व नगर पंचायत क्षेत्रों में रैन बसेरों/शेल्टर होम की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, ताकि कोई भी व्यक्ति रात में सड़क या फुटपाथ पर सोने के लिए विवश न हो। उन्होंने निर्देश दिया कि इन रैन बसेरों में आने वाले लोगों के लिए गद्दे, कंबल, स्वच्छ पेयजल, शौचालय, किचन, सुरक्षा और साफ-सफाई जैसी मूलभूत सुविधाएँ पूर्ण रूप से उपलब्ध हों। इसके साथ ही रैन बसेरों के आसपास अलाव जलाने की उचित व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए।

स्वास्थ्य विभाग को ठंड में बढ़ने वाली बीमारियों के दृष्टिगत अस्पतालों में आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करने तथा पशुपालन विभाग को गौशालाओं में पशुओं हेतु ठंड से बचाव की उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। नगर निगम को रैन बसेरों में सुविधाएँ सुदृढ़ करने एवं शीत लहर से बचाव हेतु व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। आरटीओ एवं जिला गन्ना अधिकारी को ट्रैक्टर-ट्रॉली, ट्रक एवं अन्य वाहनों पर रेडियम पट्टी लगवाने के भी निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि रैन बसेरों/शेल्टर होम में तैनात केयरटेकर का नाम, पदनाम, मोबाइल नंबर तथा अलाव जलाने हेतु चिह्नित स्थलों की सूची फोटोग्राफ सहित शीघ्र जिला आपदा विशेषज्ञ को उपलब्ध कराई जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। साथ ही ठंड से बचाव कार्यक्रमों का जनपद में व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंदों को राहत पहुँच सके। यह बैठक जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण गाजियाबाद द्वारा आयोजित की गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि/रा), अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), जिला सर्विलांस अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, अधिशासी अभियंता नगर निगम, जिला पंचायत राज अधिकारी, सभी उपजिलाधिकारीगण तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## सिवाल खास व साहिबाबाद में बीएलओ और कार्यकर्त्ताओं संग गणना फार्म वितरण में सहभागी

### भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष ने दिखाई सक्रियता



**गाज़ियाबाद/मेरठ, करंट क्राइम।** भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मान सिंह गोस्वामी एवं उनकी धर्मपत्नी व निगम पार्षद रेखा गोस्वामी ने अपने बूथ 12 और 14 पर चल रहे मतदाता सूची शुद्धिकरण अभियान में बीएलओ का सहयोग किया। गोस्वामी पूरे दिन मेरठ जिला अंतर्गत सिवाल खास विधानसभा के विभिन्न बूथों पर बूथ अध्यक्षों, बीएलओ एवं सहयोगी कार्यकर्ताओं के साथ रहकर अभियान की प्रगति का निरीक्षण करते रहे। उधर साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 10 स्थित डीएलएफ कॉलोनी में भी गोस्वामी ने बीएलओ और नगर निगम पार्षद के साथ गणना फार्म वितरण कार्य में भागीदारी निभाई तथा मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया में स्थानीय टीम को सहयोग प्रदान किया।

गोस्वामी ने कार्यकताओं से अपील की कि भाजपा के राष्ट्रभक्त कार्यकर्ता मिलकर गणना फार्म के वितरण और संग्रहण में सक्रिय सहयोग दें, ताकि मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान 2025 को सफल बनाया जा सके।

# संतोष हॉस्पिटल की समाज कल्याण पहल

## नंदग्राम के राजकीय इंटर कॉलेज में 150 विद्यार्थियों का हुआ नि:शुल्क स्वास्थ्य चेकअप





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** संतोष हॉस्पिटल, गाजियाबाद ने विद्यार्थियों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए समाज कल्याण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। हॉस्पिटल द्वारा नंदग्राम स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में एक विशाल नि:शुल्क हेल्थ चेकअप कैम्प का सफल आयोजन किया गया, जिसमें कॉलेज के लगभग 150 विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस शिविर में संतोष हॉस्पिटल की विशेषज्ञ टीम ने अपनी नि:शुल्क सेवाएँ प्रदान कीं। कैम्प में मेडिसिन रोग विभाग, डाइटिशियन विभाग, बाल रोग विभाग, दंत रोग विभाग, और नेत्र रोग विभाग के डॉक्टरों ने भाग लिया। डॉक्टरों ने न केवल मरीजों की बीमारियों का निदान किया बल्कि उन्हें उचित इलाज एवं स्वास्थ्य परामर्श भी दिया।

हॉस्पिटल की जी.एम. डॉ. श्वेता चौधरी ने संदेश भी दिया कि दिल्ली-एनसीआर में संतोष हॉस्पिटल दिन-प्रतिदिन नए आयाम को छू रहा है और अत्याधुनिक तकनीकी एवं चिकित्सा सुविधाओं से उचित दरों पर मरीजों का इलाज कर रहा है, जिससे क्षेत्र के मरीजों को रियायती दरों पर अच्छा इलाज मिल सके।

राजकीय इंटर कॉलेज, नंदग्राम, गाजियाबाद के शिक्षकों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने विद्यार्थियों और समाज कल्याण के लिए किए जा रहे इन कार्यों हेतु संतोष हॉस्पिटल के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।

संतोष हॉस्पिटल गाजियाबाद के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. मनीष सभरवाल ने अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि, "संतोष हॉस्पिटल समाज कल्याण में इस तरह के कार्यक्रम करता रहता है और भविष्य में भी इस प्रकार की जनसेवा में नि:शुल्क चिकित्सा सेवा करता रहेगा, जिससे जन सामान्य को स्वास्थ्य लाभ और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा सके।

# गाजियाबाद शहर के गोलचक्कर व जंक्शन होंगे उच्च स्तरीय

## अभियंत्रण अनुभाग की विस्तृत समीक्षा—गुणवत्ता, तकनीक व आकर्षण पर विशेष जोर

### प्रधानमंत्री आवास योजना व अविक्रीत फ्लैटों के विक्रय पर भी तेजी के निर्देश



**उपाध्यक्ष नंद किशोर कलाल ने किया निर्देशित**

- जिन योजनाओं में फ्लैट अविक्रीत हैं, उनमें विशेष कैंप का आयोजन तथा व्यापक विज्ञापन अभियान चलाकर शीघ्र विक्रय सुनिश्चित किया जाए।
- प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्मित मकानों की रजिस्ट्री कराना शीर्ष प्राथमिकता रहे। इसके लिए एक सप्ताह के भीतर सभी आवंटियों को दूरभाष द्वारा संपर्क कर सूचित किया जाए।
- प्राधिकरण क्षेत्र के गोलचक्करों व जंक्शनों के आधुनिकीकरण हेतु विस्तृत प्रस्ताव एक सप्ताह में प्रस्तुत किया जाए।
- अभियंत्रण अनुभाग के दो जिम्मेदार अधिकारियों को विकसित शहरों का अध्ययन दौरा कराया जाए, ताकि वहां की यातायात एवं गोलचक्कर प्रबंधन की सर्वश्रेष्ठ प्रथाओं को गाजियाबाद में धरातल पर लागू किया जा सके।

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष नंद किशोर कलाल द्वारा अभियंत्रण अनुभाग के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में प्राधिकरण क्षेत्र में चल रहे सभी प्रगतिमान कार्यों, प्रस्तावित योजनाओं व क्षेत्रीय अवस्थापना निधि के अंतर्गत संचालित परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान उपाध्यक्ष ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि—शहर की सौंदर्य एवं यातायात व्यवस्था को नए स्तर पर ले जाया जाए। गोलचक्कर, सेंट्रल वर्ज, गेट, लैंडस्केपिंग, उद्यानिकीकरण तथा स्ट्रीट लाइटिंग जैसी व्यवस्थाएं आधुनिक तकनीकों व विश्व स्तरीय मानकों के अनुरूप विकसित की जाएं, जिससे शहर का रूपांतरण दीर्घकालिक और प्रभावी रूप से हो सके। उन्होंने कहा कि यदि शहर में विश्व स्तरीय लुक व इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित होगा तो योजनाओं में जन-रुचि और निवेश दोनों स्वतः बढ़ेंगे।

उपाध्यक्ष नंद किशोर कलाल ने कहा कि गाजियाबाद के विकास की गति अब केवल निर्माण पर आधारित नहीं रहेगी, बल्कि गुणवत्ता, तकनीक, सौंदर्य और विश्वस्तरीय सुविधाओं का मिश्रण शहर के भविष्य को परिभाषित करेगा।

उन्होंने यह भी आशा व्यक्त की कि निर्देशों के समयबद्ध पालन से गाजियाबाद आने वाले समय में स्मार्ट, आकर्षक और आधुनिक शहरों की श्रेणी में अग्रणी स्थान प्राप्त करेगा।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।